धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.08.2024
नगर संस्करण I पेज : 12
khabarmantralive.com

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, द्वदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 12 I अंक : 38



विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करेंगे : मोदी



# आठ माह में भूमि सर्वे पूरा कराये सरकार : हाई कोर्ट

**राज्य सरकार ने कोर्ट को राज्य में सर्वे का काम शुरू होने की जानकारी दी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी जिलों में आठ माह में लैंड सर्वे पूरा करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने सरकार को सर्वे की प्रगति रिपोर्ट आठ सप्ताह में कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। इस संबंध में गोकुल चंद ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य में सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। लातेहार और लोहरदगा में सर्वे पूरा हो गया है। सरकार ने कहा कि सभी जिलों में सर्वे पूरा करने में कम से कम छह माह लगेंगे। इस पर अदालत ने सरकार को आठ माह का समय देते हुए प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी गोकुलचंद की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 1980 से झारखंड में लैंड सर्वे का काम चल रहा है। 40 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन राज्य सरकार पूरा नहीं करा सकी है। सर्वे पूरा नहीं होने से जमीन माफिया सक्रिय हैं। वह जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर जमीन की प्रकृति बदल इसकी खरीद-बिक्री कर रहे है। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। सिर्फ धनबाद में सर्वे का काम पूरा हुआ है। लैंड सर्वे के लिए समय सीमा तय की जानी चाहिए।

## सीएम हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में किया झंडोत्तोलन, गिनायीं उपलब्धियां

# जेएसएससी ने नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की अक्टूबर तक 35 हजार पदों पर बहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड के वीर सपूतों के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले सेनानियों को याद करते नमन किया। कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने सरकारी नौकरी को लेकर घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर तक 35 हजार पदों पर नियुक्ति हो जायेगी। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि कुछ विरोधी तत्वों ने सरकार गठन के बाद से ही विकास की राह पर रोड़े डालने का काम किया लेकिन जनता के भरोसे और अटूट विश्वास की बदौलत हमने हर कठिनाइयों का डटकर मुकाबला किया। विरोधी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि नियत में ईमानदारी हो तो आपको कोई ताकत झुका नहीं सकती।

### अबुआ स्वास्थ्य योजना की होगी शुरुआत

सीएम हेमंत सोरेन ने आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर स्वास्थ्य बीमा की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना की शुरूआत करने वाली है। हर परिवार 15 लाख रुपये तक की चिकित्सा सेवा मुहैया करायी जायेगी। मुख्यमंत्री अस्पताल संचालक एवं रखरखाव योजना पर 135 करोड़ खर्च किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जल जंगल, जमीन हमारी पहचान है। हम विकास की ऊंचाइयों को छूने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गांव-गांव पहुंचकर समस्याओं को सुलाझाने का प्रयास किया। हर वर्ग की जरुरतों को देखकर नीतियां और योजनायें बनायी गयी। इसे धरातल पर उतारने का काम किया गया। हालांकि इस दौरान कई चुनौतियां भी आयी। सरकार गठन के तुरंत बाद कोराना महामारी फैल गयी।

### सीएम ने सरकार की उपलब्धियां गिनायी

सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनवाया। उन्होंने कहा कि हम गरीबों को तीन कमरों का आवास उपलब्ध करा रहे हैं। 35 लाख जरुरतमंदों को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को दो बार वस्त्र देने का काम किया है। उन्होने बताया कि हमारी सरकार कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को कृषि ऋण माफी योजना का लाभ दे रही है। बिरसा हरित ग्राम योजना और पशुधन विकास योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम कर रही है। फूलो झानों आशीर्वाद योजना, दीदी बाड़ी योजना और दीदी बगिया योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का भी काम किया जा रहा है। इस अवसर पर दर्जनों गणमान्य व आम नागरिक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जेबीकेएसएस अध्यक्ष जयराम महतो को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष जयराम महतो को शुक्रवार को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई। हाईकोर्ट ने जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया। पूर्व में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जयराम महतो के खिलाफ पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी पर वारंट लिया है। बता दें कि लोकसभा चुनावा में जिस दिन जयराम महतो अपना नामांकन दाखिल करने गए थे, उस दिन रांची पुलिस वारंट लेकर जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंच गई थी। जयराम नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया और फिर चकमा देकर निकल गये।

### अलकतरा घोटाला : कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक को हाईकोर्ट से मिली राहत

**रांची।** चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपए की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहरा को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ईडी कोर्ट के अग्रिम जमानत नहीं देने के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने प्रार्थी को दो सप्ताह में पीएमएलए कोर्ट में बांड जमा करने का निर्देश दिया। दरअसल, कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को परवा-गढ़वा रोड की 30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम मिला था। आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब 1.08 करोड़ रुपए का फर्जी बिल पथ निर्माण विभाग में जमा किया गया। मामले में पहले सीबीआई जांच कर रही थी, बाद में ईडी ने भी इस मामले को टेक ओवर किया।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मामले में अब 28 को होगी सुनवाई

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मुकदमे में कोर्ट में पेशी से व्यक्तिगत छूट को लेकर दायर याचिका पर अब 28 अगस्त को सुनवाई होगी। शुक्रवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में याचिका की सुनवाई के सूचीबद्ध थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बताया कि अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त निर्धारित की है। राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट को लेकर 14 अगस्त को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि मानहानि का यह मुकदमा अमित शाह पर गंभीर टिप्पणी करने से जुड़ा है। मामले में राहुल गांधी के खिलाफ समन के साथ दस्ती समन भी जारी है।

### अवैध खनन मामले में दाहू के पुत्र राहुल यादव को हाईकोर्ट से जमानत

**रांची।** साहिबगंज अवैध खनन मामले में हाईकोर्ट ने दाहू यादव के बेटे राहुल यादव को जमानत प्रदान कर दी है। शुक्रवार को दोनों पक्ष की सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने जमानत प्रदान कर दी। सुनवाई के दौरान राहुल यादव की ओर से अदालत को बताया गया कि मनी लाउंड्रिंग मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। ईडी उसके पिता को फंसा रही है। पिता की वजह से उसका नाम जोड़ा गया है। वह छात्र है और ऐसे आपराधिक मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके पूर्व 31 जनवरी को राहुल यादव की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने खारिज कर दिया था। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने दो जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। ईडी भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है।

### वन विभाग के रिक्त पदों के मामले में हाईकोर्ट ने जेपीएससी और जेएसएससी को प्रतिवादी बनाया

**रांची।** वन विभाग के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने जेपीएससी और जेएसएससी को प्रतिवादी बनाते हुए एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। विधायक सरयू राय की हस्तक्षेप याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने यह निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी और जेएसएससी को अधियाचना भेज दी गई है। इस पर अदालत ने दोनों को प्रतिवादी बनाते हुए यह बताने को कहा कि नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है या नहीं। कब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। अदालत ने सरकार से नियुक्ति नियमावली बनी है या नहीं, इस पर जवाब दाखिल करने को कहा।

### झारखंड के दिलों में बसते हैं अटल बिहारी वाजपेयी जी : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व हिमालय की तरह विराट है। उनके चिंतन में हिंद महासागर की गहराई भी थी। दूर दृष्टा, कवि हृदय, भारत रत्न अटल जी ने जीवन पर्यंत मां भारती की सेवा की। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अपने राज्य निर्माता दिलों में बसा कर रखती है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि अटल जी जैसा व्यक्तित्व सदियों में धरती पर जन्म लेता है। एक राजनेता के रूप में चाहे नेता प्रतिपक्ष हों या विदेश मंत्री या फिर बतौर भारत के प्रधानमंत्री उन्होंने सदैव मां भारती का सम्मान बढ़ाया। समस्त झारखंड वासी अलग राज्य निर्माण के लिए अटल जी का सदैव ऋणी हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## लोबिन के भाजपा में जाने के संकेत, चंपाई का बाजार गर्म

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो से विधायक पद से अयोग्य करार दिये जाने के बाद पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम अब भाजपा में जाने का मन बना चुके हैं। लोबिन ने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ मोर्चा खोलने का समय आ गया है। बहुत जल्द दिल्ली में वे वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे।

इस बीच राजधानी में दिनभर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को लेकर कयासों का बाजार गर्म रहा। चर्चा हुई कि वे भी अचानक दिल्ली जा रहे हैं। हालांकि, वह सरायकेला में जल संसाधन विभाग की एक योजना (खरकई पाया लिफ्ट भूमिगत पाइप लाइन सिंचाई योजना) के उद्घाटन समारोह में थे।

गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा में शामिल हुई थी। उन्हें पार्टी ने सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट काटकर दुमका से चुनाव लड़ाया गया था। हालांकि, वह झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन से हार गईं। इसी तरह चाईबासा से कांग्रेस की सीटिंग सांसद रहते हुए गीता कोड़ा ने भी भाजपा ज्वाइन कर लिया था। वैसे उनको भी झामुमो की जोबा मांझी से हार का सामना करना पड़ा लेकिन अब दोनों नेत्री राज्य सरकार के खिलाफ मुखर होकर सवाल खड़े कर रही है।

## पाकुड़ में लोगों को पानी नहीं मिलने पर हाईकोर्ट ने सरकार से पूछी वैकल्पिक व्यवस्था

**रांची।** पाकुड़ शहर के वार्ड 1 से 6 के बीच के लोगों को पानी नहीं मिलने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि पाकुड़ के लोगों के लिए हर हाल में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, अन्यथा पेयजल विभाग के सचिव को कोर्ट में बुलाया जा सकता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने कोर्ट को बताया कि पाकुड़ के विभिन्न वार्डों में पानी के लिए डीप बोरिंग की व्यवस्था की गई है उसके माध्यम से उन्हें पानी पहुंचाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के फरक्का डैम से भी पाकुड़ के लोगों को पानी उपलब्ध कराने के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है, इसका 90% काम पूरा हो चुका है। फरक्का डैम से पाकुड़ में पानी पहुंचाने में अभी कुछ तकनीकी समस्या आ रही है, इसके लिए पश्चिम बंगाल सरकार से पत्राचार किया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई में बताने को कहा कि पाकुड़ में पानी पहुंचाने के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ।

### विधानसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

## लंबित आवेदनों का शत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करें : के रवि

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य पुलिस नोडल ऑफिसर ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल ऑफिसर एवी होमकर ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निर्वाचन सदन से कई रेंज आईजी, डीआईजी, सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक- पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित वर्चुअल बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सीआरपीएफए पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों के लिये चुनाव के दौरान न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं का आकलन करें। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में गैर जमानतीय वारंट से संबंधित मामलों पर ससमय कानून सम्मत कार्रवाई कर लें। विधानसभा चुनाव के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मियों के ट्रांसफर पोस्टिंग की प्रक्रिया ससमय पूरी करें। उन्होंने कहा कि एसएसआर के क्रम में मतदाताओं से प्राप्त आवेदनों के शत प्रतिशत आवेदनों को निष्पादन करना सुनिश्चित कर लें। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल ऑफिसर एवी होमकर ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि लोस चुनाव के दौरान एमसीसी एवं सोशल मीडिया से संबंधित शत प्रतिशत मामलों का निपटान एक सप्ताह के अन्दर कर लें।

### गृह रक्षकों ने पुलिस कर्मियों के समकक्ष पारिश्रमिक दिये जाने पर सीएम का जताया आभार

## आप राज्य सरकार के अभिन्न अंग हैं, आपका ख्याल रखना राज्य सरकार का दायित्व : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य भर के सैकड़ों गृह रक्षकों ने पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिये जाने के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर जमकर जश्न मनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर राज्य सरकार द्वारा लिये गये इस निर्णय के लिए अभार जताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राज्य भर के गृह रक्षकों के घर- परिवार में हर्ष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य कर रहे हैं, आपका ख्याल रखना हमारा दायित्व है। आप भी इस राज्य का ख्याल रखें। मौके पर कल्पना सोरेन भी थीं।



**सभी को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार** : मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। हमारी सरकार राज्य की जनता हो या किसी भी संवर्ग के सरकारी कर्मी सभी को उनका हक और अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में गृह रक्षकों की चिर लंबित मांग को हमारी सरकार ने पूरा कर उन्हें एक बड़ा तोहफा दिया है। हमारा प्रयास है कि सरकार में आपकी भागीदारी पूरे मान -सम्मान के साथ हो। यह सरकार हमेशा आपके साथ है।

**साढ़े चार वर्षों में लिये हैं कई निर्णायक फैसले** : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े 4 वर्ष हो चुके हैं। इन साढ़े चार वर्षों में राज्य सरकार के विभिन्न श्रेणियों और संवर्गों के कर्मियों के लिए कई निर्णायक फैसले लिए हैं। पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का मामला हो या अनुबंध अथवा किसी भी श्रेणी में कार्यरत कर्मचारी, उनके मानदेय में वृद्धि के साथ सेवा शर्तें बेहतर की गई है।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 10 अगस्त को अपने 49 वें जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक देने के प्रस्ताव को स्वीकृति देकर बड़ी सौगात दी थी। इसके तहत गृह रक्षकों अब पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में एक हजार अठासी रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान होना है।

## 23 व 24 अगस्त को होगा महिला पुलिस का सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 23 और 24 अगस्त को महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के प्रयास से पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन होगा। इसके माध्यम से महिला पुलिसकर्मियों को अपनी समस्याएं बताने के लिए एक खुला मंच प्रदान किया जाएगा, जिसमें वे अपने व्यक्तिगत सहित कार्यस्थल की समस्या को खुले तौर पर अधिकारियों के सामने रखेंगी। महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस में महिला पुलिस अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि और भविष्य की कार्य योजना पर विशेष फोकस किया जाएगा।

**झारखंड के सभी जिलों से जुटेंगी महिला पुलिसकर्मी** : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस कॉन्फ्रेंस में झारखंड पुलिस की सभी जिला और इकाई से आरक्षी, हवलदार, सहायक पुलिस निरीक्षक, पुलिस निरीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक सम्मिलित होंगी।

**सिविल ड्रेस में पहुंचेंगे पुलिसकर्मी** : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस में कोई भी पुलिसकर्मी चाहे वह महिला हो या पुरुष, वर्दी में नहीं होगा। सभी सिविल ड्रेस में होंगे।

**मुख्यालय स्तर की समस्याओं का तुरंत होगा निवारण** : डीजीपी ने बताया कि सम्मेलन में महिला पुलिसकर्मियों की जो समस्याएं सामने आएंगी अगर उनका समाधान मुख्यालय के स्तर से होना है तो उसका त्वरित समाधान कर दिया जाएगा। वहीं जिन समस्याओं का समाधान सरकार के स्तर पर होना है उसकी सूची बनाकर सरकार को दी जाएगी।

### राजधानी रांची में भाजपा के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बोले

# झारखंड की हेमंत सरकार की नहीं है कोई विश्वसनीयता इस सरकार को हटाने का संकल्प लें भाजपा कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को भाजपा के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी सहित नव नियुक्त प्रमंडल प्रभारी और विधानसभा प्रभारी गण भी शामिल हुये। बैठक का संचालन सांसद आदित्य साहू एवं मनोज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा मरांडी ने किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शरमा ने हेमंत सरकार पर अपने अंदाज पर फिर हमला बोला। श्री शरमा ने कहा कि ठगबंधन सरकार की अब कोई क्रेडिबिलिटी नहीं बची। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है, तो बचाने की भी जिम्मेवारी भी हमारी है। भाजपा झारखंड को लूटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को दिल से समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से इंडी एलायंस ने 5 सीट जीता है। यह जनसमर्थन की जीत नहीं बल्कि तुष्टिकरण की जीत है। भाजपा जनता को तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्ति दिलाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है। बदलते डेमोग्राफी से आने वाले दिनों में राज्य तबाह हो जायेगा। सत्ता के लिए इंडी एलायंस ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि हेमंत सरकार के खाने के दांत और दिखाने के अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भी राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है।




भाजपा नेतृत्व की नयी सरकार मईयां योजना से भी अच्छी योजना लाकर बहन बेटियों की उन्नति सुनिश्चित करेगी।

प्रदेश के संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा और बर्बाद किया है लेकिन, अब इसे बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि हमें 2024 में नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि नेता सदन चुनना है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए कमर कसने का आहवान किया।

विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झामुमो अब झारखंड मिटाव मोर्चा बन चुका है। इंडी एलायंस ने झारखंड की अस्मिता ही दांव पर लगा दी है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब भाजपा के लिए नहीं राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली जन-जन का आक्रोश बने, ऐसा प्रयास करना है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार अपनी नाकामियों विफलताओं से घिर चुकी है। उन्होंने कहा कि युवा आक्रोश रैली में पार्टी का विराट रूप रांची की सड़कों पर दिखेगा। अबुआ आवास योजना, ग्रीन कार्ड योजना सब धोखा है। मंईयां योजना धोखा योजना का सिरमौर है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने विधानसभा में राज्य सरकार के नाकामियों को ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ उजागर किया है। भाजपा जन भावनाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार से बार-बार जनता को अवगत कराना है। 23 अगस्त को यह झारखंड की सड़कों पर दिखेगा।

इस अवसर पर संथाल परगना के प्रभारी बालमुकुंद सहाय बनाये गये। जबकि धनबाद प्रमंडल के डॉ प्रदीप वर्मा, हजारीबाग के मनोज कुमार सिंह, कोल्हान के आदित्य साहू, हजारीबाग के गणेश मिश्र और पलामू प्रमंडल के विकास प्रीतम प्रभारी बनाये गये । बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित प्रदेश पदाधिकारी गण, मोर्चो के अध्यक्ष गण, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष गण एवं मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.08.2024
नगर संस्करण | पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 38

विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करेंगे : मोदी

न्यूज डायरी

### इसरो की बड़ी उड़ान, यात्री उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने एक और सफल मिशन में शुक्रवार सुबह लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-8 और एक यात्री उपग्रह का निर्धारित कक्षा में प्रक्षेपण किया। देर रात शुरू हुई छोटी और सफल उलटी गिनती के बाद एसएसएलवी-डी3 ने शार रेंज के पहले लांच पैड से निर्धारित समय 09 :17 बजे अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक शानदार उड़ान भरी। यह अपने साथ 175.5 किलोग्राम वजनी ईओएस-08 और एसआर-0 डेमोसैट को पेलोड लेकर गया है।

### गुलमोहर' को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी गयी। इस साल जहां मनोज बाजपेयी की फिल्म 'गुलमोहर' को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड मिला। वहीं, ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर चुने गये हैं। एक्ट्रेस नित्या मेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। कांतारा ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया है।

### बभनी डैम में डूबने से तीन किशोरों की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू से सटे गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के बभनी खाड़ डैम में शुक्रवार को डूबने से तीन किशोर की मौत हो गयी। तीनों बच्चों में मानदेव उरांव का पुत्र सूरज उरांव (11 ), नंदू उरांव का पुत्र मनीष मिंज (13 ) एवं स्व. उमेश उरांव का पुत्र चंद्रकांत कुमार (9) शामिल हैं।

### झारखंड की बेटियां मोदी को रांखी बांधने दिल्ली गयीं

रांची। पूरे झारखंड से कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियां दिल्ली में राष्ट्रपति और पीएम मोदी को राखी बांधेंगी। सभी छात्राएं दिल्ली रवाना हो चुकी है। 30 छात्राओं को राष्ट्रपति भवन बुलाया गया है। चयनित छात्राओं में पायल कुमारी, लवली कुमारी, गुड़िया मोदी, सुमती कुमारी और राजश्री कुमारी शामिल हैं।

### मशरूम खाकर 8 बीमार एक की हालत गंभीर

रांची। हजारीबाग में एक ही परिवार के आठ सदस्य जंगली मशरूम की मिठाई खाने के बाद बीमार हो गए। इनमें छह महिलाएं हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर है। उसे रांची के एक अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### 22 साल से सेंट्रल जेल में बंद नक्सली से रिहा

मेदिनीनगर। राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक फैसले के आलोक में मेदिनीनगर जेल में में उम्रकैद की सजा काट रहे एक बंदी मनोगा गंझू को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिहा किया गया। मनोगा गंझू पुलिस जवान को बम से उड़ाने के आरोप में 22 साल से जेल में बंद था।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 86000 रु./प्रति किलो |




# झारखंड के शहीद अग्निवीर के आश्रित को सरकार देगी नौकरी

## दस लाख की अनुग्रह राशि भी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी प्रस्ताव की मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सैन्य अभियान के दौरान शहीद होनेवाले राज्य निवासी सैनिकों व अग्निवीरों की पत्नी और उनके आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान देने और अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने के प्रस्ताव को शुक्रवार को स्वीकृति दे दी है। अब इस प्रस्ताव पर कैबिनेट बैठक में अनुमोदित कराया जायेगा। राज्य के बलिदानियों की पत्नी या आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान के रूप में 10 लाख रुपये दिये जायेंगे।

सीएम की घोषणा पर पहल शुरू : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन सीएम हेमंत सोरेन ने सदन में जो घोषणा की थी, उसे आज अमलीजामा पहना दिया। वीरगति प्राप्त करने वाले राज्य निवासी अग्निवीरों की पत्नी या आश्रित को भी अनुदान और अनुकंपा पर सरकारी नौकरी के प्रस्ताव को सीएम ने मजूरी दे दी है। इससे पहले राज्य में सैनिक के आश्रितों को 10 लाख रुपए और अनुकंपा के आधार पर सरकारी



नौकरी देने का प्रावधान था। इसमें अब अग्निपथ योजना को भी शामिल कर लिया गया है। अग्निवीरों के हित में इस घोषणा से पहले सीएम के कांके स्थित आवास पर झारखंड होमगार्ड के जवानों का हुजूम उमड़ पड़ा। वे पुलिसकर्मियों के समकक्ष भत्ता देने के प्रस्ताव पर सीएम को बधाई देने पहुंचे थे।

भारतीय सेना (थल, वायु एवं जल) में वर्ष 2022 में अग्निवीर योजना लागू की गयी है। इस योजना के तहत भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में 4 वर्षों के लिए नियुक्ति हो रही है। अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के अनुरूप ही देश की रक्षा/ सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। अग्निवीरों पर भी नियमित सैनिकों की तरह देश की रक्षा/ सुरक्षा में समान रूप से जीवन का खतरा बना रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए अग्निवीरों के लिए भी यह योजना लागू करने की तैयारी की गयी है। अग्निवीरों के वीरगति प्राप्त होने पर शहीद का दर्जा नहीं मिलने का मामला पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान जोर-शोर से उठा था। कांग्रेस का कहना था कि सेना में दो तरह की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

### अक्तूबर तक 35000 नौकररियां: सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने कहा है कि इस साल अक्टूबर तक 35000 पदों पर भर्तियां पूरी कर ली जायेंगी। उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता राज्य के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। श्री सोरेन ने उक्त बातें मोरहाबादी मैदान में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से उत्पाद सिपाही, सिपाही, सहायक प्रोफेसर और महिला पर्यवेक्षकों सहित 35000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जो अक्टूबर 2024 तक पूरी हो जायेगी।

(विस्तार से पेज 2 पर)

# कमलेश अध्यक्ष बने, राजेश ठाकुर हटाये गये


### झारखंड में कुर्मी वोट साधने में जुटी कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पार्टी संगठन में बड़ा बदलाव किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटा दिया गया है। उनकी जगह पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश को पार्टी अद्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं डाक्टर रामेश्वर उरांव को पार्टी विधायक दल का नेता (सीएलपी लीडर) बनाया गया है।

इस संबंध में शुक्रवार को पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल की ओर से पत्र जारी





किया गया है।

मौजूदा झारखंड की राजनीति को ले कर कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। कुर्मी वोटों को आकर्षित करने के लिए कांग्रेस का यह बड़ा कदम है, क्योंकि इससे पहले जयराम महतो और आजसू पार्टी कुर्मी वोटों के लिए गोलबंद है। हालांकि अभी झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन कांग्रेस चुनावी समर में उतर चुकी है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए ही कांग्रेस ने बदलाव शुरू कर दिया है, ताकि जोरदार तरीके से चुनाव लड़ा जा सके और जीत सुनिश्चित की जा सके।

हालांकि ये चर्चा पहले थी कि राजेश ठाकुर के ही नेतृत्व में झारखंड में विधानसभा चुनाव कांग्रेस लड़ेगी, लेकिन चुनाव के दो महीने पहले पार्टी ने राजेश ठाकुर को हटाने का फैसला लिया है।

# अब 18 से ही मंईयां योजना का शुभारंभ

### सीएम पाकुड़ में डीबीटी के जरिये बहन- बेटियों के खाते में डालेंगे राशि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रक्षाबंधन के दिन झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना का शुभारंभ करने वाले थे, लेकिन शिड्यूल में कुछ बदलाव किया गया है। सीएम हेमंत सोरेन अब रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व 18 अगस्त को ही पाकुड़ में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत महिला लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार की सम्मान राशि ट्रांसफर की जायेगी। श्री सोरेन की अध्यक्षता में आवासीय कार्यालय में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित बैठक में मुख्य सचिव एलखियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी सचिव विप्रा भाल समेत विभिन्न जिलों के उपायुक्त शामिल थे।

बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए विशेष शिविरों में मिल रहे आवेदनों और अब तक स्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

# रांची में हड़ताल जारी, रिम्स में ओपीडी-ओटी सेवा स्थगित

### कोलकाता डाक्टर से रेप-हत्या का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर का रेप और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स का देशव्यापी आंदोलन जारी है। रांची के रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी हड़ताल पर हैं। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने शुक्रवार को भी पेन डाउन मूवमेंट जारी रखने का फैसला किया है।

जेडीए ने बयान जारी कर कहा कि स्वतंत्रता दिवस की रात को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और पश्चिम बंगाल के अन्य मेडिकल कॉलेजों के शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे डॉक्टरों पर राजनीतिक रूप से प्रेरित भीड़ ने हमला किया। जूनियर डॉक्टरों पर हुए हमलों के मद्देनजर रांची के रिम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सर्वसम्मति से चल रहे पेन डाउन मूवमेंट को जारी रखने का फैसला किया है। जेडीए ने सभी वैकल्पिक सेवाओं, ओपीडी और वैकल्पिक ओटी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

जेडीए के समर्थन में गुरुवार को रिम्स की सांस्कृतिक और फिल्म सोसायटी ने पूरे अस्पताल में नुक्कड़ नाटकों (नुक्कड़ नाटक) के साथ-साथ छोटी कविताओं, कहानियों, पोस्टर और बैनरों का प्रदर्शन करते विरोध किया। साथ ही ट्रॉमा सेंटर के बाहर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

# जेके में तीन, हरियाणा में एक फेज में वोटिंग

## चार अक्टूबर को आयेंगे दोनों के नतीजे

### चुनाव आयोग ने की घोषणा

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** झारखंड और महाराष्ट्र को छोड़ कर केंद्रीय चुनाव आगोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान अब कर दिया गया है। अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद पहले जम्मू कश्मीर में विधानसभा का पहला चुनाव तीन चरणों में 18 और 25 सितंबर तथा एक अक्टूबर को होंगे। वहीं हरियाणा में विधानसभा चुनाव एक चरण में एक अक्टूबर को होंगें। दोनों जगह मतगणना चार अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डा सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जम्मू कश्मीर के बहुप्रतिक्षीत चुनावों की तारीखों की घोषणा की। आयोग के अनुसार हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड और महाराष्ट्र पर फैसला होगा।



**जेके पहले चरण की अधिसूचना 20 को :** श्री कुमार ने बताया कि 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों के लिए अधिसूचना अमरनाथ जी यात्रा समाप्त होने के अगले दिन 20 अगस्त को जारी की जायेग। नामांकन पत्र 27 अगस्त तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त होगी। दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए चुनाव 25 सितम्बर को होगा जिसके लिए अधिसूचना 29 अगस्त को जारी की जायेगी। इस चरण में पांच सितम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे, नामांकन पत्रों की जांच 6 सितम्बर को की जायेगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 सितम्बर होगी। तीसरे और अंतिम चरण में 40 सीटों पर मतदान एक अक्टूबर को होगा। इसके लिए अधिसूचना 5 सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर होगी।

**हरियाणा** की 90 सीटों पर एक ही चरण में एक अक्टूबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना पांच सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक होंगे।

### झारखंड व महाराष्ट्र में दिवाली बाद चुनाव संभव

झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव के सवाल पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र बड़ा राज्य है। कई चरणों मतदान होंगे और त्योहारों के चलते अलग से वोटिंग करायी जायेगी। गणेश उत्सव, पितृ पक्ष नवरात्रि, दिवाली जैसे बड़े त्योहार हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के बाद महाराष्ट्र और झारखंड पर फैसला होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि अब महाराष्ट्र के साथ ही झारखंड में भी चुनाव कराये जा सकते हैं। झारखंड की विधानसभा का समापन दिसंबर में हो रहा है, जबकि महाराष्ट्र विधानसभा की आखिरी तारीख 26 नवंबर है। वहीं आयोग ने दिवाली जैसे त्योहार को इलेक्शन लटकाने की वजह बताया है। साफ है कि अब महाराष्ट्र और झारखंड में दिवाली के बाद ही मतदान होगा। इस साल दिवाली 1 नवंबर को है। ऐसे में माना जा रहा है कि नवंबर के पहले सप्ताह के अंत से ही चुनाव की शुरूआत हो सकती है।



# संस्कृत सप्ताह के पहले दिन भव्य शोभा यात्रा

**शोभा यात्रा का उद्देश्य संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को इस प्राचीन भाषा के महत्त्व से अवगत कराना था**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संस्कृत सप्ताह के पहले दिन शुक्रवार को संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची एवं संस्कृत भारती, रांची के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का उद्देश्य संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को इस प्राचीन भाषा के महत्त्व से अवगत कराना था। शोभा यात्रा में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, और संस्कृत प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण, श्लोक पाठ, और विभिन्न संस्कृत स्तोत्रों का गायन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से संस्कृत भाषा और उसके महत्त्व को रेखांकित किया। शोभा यात्रा के दौरान संस्कृत के प्रति समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की गईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी की, जो संस्कृत के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दर्शाता है।

शोभायात्रा के अवसर पर संस्कृत भारती के प्रान्तमंत्री डा. दीपचन्द कश्यप ने कहा कि संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान और विज्ञान हमारे समाज की नींव हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत का महत्त्व मात्र धार्मिक या दार्शनिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, गणित, चिकित्सा, और समाजशास्त्र जैसे क्षेत्रों में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्कृत सप्ताह एक ऐसा अवसर है जो हमें इस भाषा के प्रति हमारे दायित्व का स्मरण कराता है। संस्कृत के प्रसार और इसके अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। झारखण्ड संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष डा. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान का मूल स्रोत है। इसमें निहित अद्वितीय ज्ञान और विज्ञान ने भारतीय सभ्यता को हजारों वर्षों से समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का प्रतीक है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने अपने सन्देश में कहा कि संस्कृत भाषा आत्म-साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कृत के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। संस्कृत भाषा हमें भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राहुल कुमार, डा. श्रीमित्रा डा. जगदम्बा प्रसाद, आशीष कुमार महतो, रितेश कुमार, अमित मोहन, शिवम नारायण, आयुष, शुभम, सुरेन्द्र, तनु सिंह, खुशी, माधुरी सिंह, प्रतिमा चौहान, पूजा पाण्डेय आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर एक नजर में

### ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन



**रांची।** ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरी देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल समूह की सचिव श्रीमती किरण मेहता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और चारों सदनों- शेक्सपियर, बायरन, कीट्स और इलियट द्वारा प्रदर्शित शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में बायरन सदन चैंपियन बना। इस सदन को मार्च पास्ट के दौरान बेहतर सामंजस्य, अनुशासन और सामूहिक कदम ताल के लिए विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किये गये बैंड प्रदर्शन, विभिन्न राज्यों के प्रमुख लोक नृत्य और भारत की विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुत लोकगीत प्रतियोगिताएं रहीं। अंतर सदन लोकगीत प्रतियोगिता में कीट्स सदन ने प्रथम, एलियट सदन ने द्वितीय और शेक्सपियर सदन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।कार्यक्रम को सचिव श्रीमती किरण मेहता, विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने संबोधित किया।

### गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव आज



**रांची।** गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल रांची का वार्षिक समारोह आज 2:00 बजे से स्कूल ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा। इस वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि गुरु नानक स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष कर्नल विजय सिंह, सचिव परमजीत सिंह टिंकू होंगे। यह जानकारी प्रेस वार्ता में स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर कैप्टन सुमित कौर, वॉइस प्रिंसिपल सोनिया कौर, हेड मिस्ट्रेस हरप्रीत कौर, रंजीत कौर और अमन सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि इस वार्षिक उत्सव में क्लास सिक्स से 12 के लगभग 600 बच्चे शामिल होंगे। जहां कलरफुल सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जो भारत के संस्कृति पर आधारित होगी। वूमेन एंपावरमेंट और सोशल कॉजस पर भी कई कार्यक्रम, भांगड़ा योगा, ट्रिब्यूट टू आर्म्ड फोर्सज, फ्यूजन ऑफ क्लासिकल डांस समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वार्षिक उत्सव में स्कूल के द्वारा ई न्यूजलेटर का भी विमोचन किया जाएगा।

### स्वास्तिक ईएनटी सेंटर में मना स्वतंत्रता दिवस



**रांची।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेहल स्थित स्वास्तिक ईएनटी सेंटर एंड हॉस्पिटल में धूमधाम से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस मौके पर अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर अभिषेक श्रीवास्तव ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त, हमारे देश के इतिहास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें स्वतंत्रता की कीमत समझाई। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और कई अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व और राष्ट्रीय उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. प्रदीप वर्मा, राज्यसभा सांसद, परमजीत कौर प्राचार्या, गोपाल पाठक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ जिसके बाद राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन हुआ। एनसीसी के नेतृत्व में चारों सदनों के छात्रों ने स्कूल बैंड पर लयबद्ध मार्च किया। हमारे विशेष अतिथि, डॉ. वर्मा को इस अवसर पर उनकी उपस्थिति के लिए आभार के प्रतीक के साथ सम्मानित किया गया। उन्होंने सभा को संबोधित किया और वैश्विक परिदृश्य में हमारे राष्ट्र के योगदान की सभी को याद दिलाई।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना




**रांची।** कांके स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, अतिथिगण एवं शिक्षक तथा छात्रवृन्द उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर ने झण्डोत्तोलन कर सभी को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह स्वतन्त्रता दिवस हमारे केवल अतीत का जश्न नहीं है वरन यह हमारे वर्तमान एवं भविष्य के लिए एक दिशा भी है। उन्होंने बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें बांग्लादेश की उभरती समस्याओं से सीख लेने की आवश्यकता है और अपने देश को सशक्त एवं गौरवशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है।

### कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में हुआ झंडोत्तोलन



**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कैंब्रिज स्कूल में निदेशक अभिषेक सिंह ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, कैंब्रिज पॉलिटेक्निक में प्राचार्य डॉ एनके यादव, कैंब्रिज बीएड कॉलेज में प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार, गौतम बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्य सेवा शाही ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर कैंब्रिज स्कूल एवं गौतम बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

### सरला बिरला के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। इस यात्रा में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, महिलौंग और राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, आरा के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल में पूरे सप्ताह देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने स्वतंत्र होने के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को देश के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदान का सम्मान करने की याद दिलाई।

# आउटसोर्स कर्मियों की हड़ताल से जिला प्रशासन पर बड़ा असर



**आज से 9 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्तिकालीन हड़ताल के समर्थन में उतरेगा संविदा व आउटसोर्स कर्मियों का एसोसिएशन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में राज्य भर में संविदा और आउटसोर्स पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों ने कड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है।

समाहरणालय और संलग्न कार्यालयों में कार्यरत इन कर्मचारियों की बैठक में निर्णय हुआ कि 17 अगस्त से सभी कर्मी 9 सूत्री मांगों में से उनसे संबंधित मांग संख्या 8 के समर्थन में, और संघ के निर्णय के आलोक में, प्रारंभिक तौर पर एक सप्ताह का अवकाश लेंगे।

इससे जिला प्रशासन का कार्य पूरी तरह से ठप हो जाने की संभावना है। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन, पदनाम परिवर्तन, कालावधि आधारित वेतन वृद्धि, आउटसोर्स प्रणाली को समाप्त करना और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को बिहार की तरह योग्यता के आधार पर पदोन्नति प्रदान करना शामिल हैं। राज्यभर में लगभग 2500 आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं। इनके वेतन के भुगतान के अलावा सरकार हर साल 12 करोड़ रुपये और एजेंसी को सर्विस टैक्स के रूप में खर्च कर रही है। इस संदर्भ में सवाल उठता है कि जनता का पैसा इस प्रकार कैसे बर्बाद किया जा रहा है। यह सरकारी वित्तीय प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यह हड़ताल राज्य के प्रशासनिक कार्यों को ठप कर सकती है। इससे जनता को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा ने स्वतंत्रता दिवस अनाथाश्रम के बच्चों के साथ मनाया



**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा ने 78 वा स्वतन्त्रता दिवस अनाथाश्रम करूणा एन एम ओ में बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर डॉ एच पी नारायण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यो द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष दीपा चौहान, नीता नारायण, माला श्रीवास्तव, सचिव नीता शेखर, कोषाध्यक्ष अर्चना त्रिवेदी, अम्बुजा शरण ,संगीता शरण, रीता वर्मा, डौली दूबे , मनीषा, उपस्थित थी।

## सीसीएल में सतर्कता जागरुकता अभियान, सीवीओ ने दिलायी शपथ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में सतर्कता जागरुकता अभियान का शुभारंभ शुक्रवार, 16 अगस्त को हुआ। यह अभियान 15 नवंबर, 2024 तक यानी तीन महीने चलेगा। इस अभियान के तहत सीवीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में सतर्कता विभाग के अधिकारियों को जागरूक करने के लिए बैठक हुई। बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम; प्रणाली सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन, परिपत्रों/दिशानिदेर्शों/मैनुअल का अद्यतनीकरण, 30 जून, 2024 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान एवं गतिशील डिजिटल उपस्थिति इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। ज्ञात हो कि शुक्रवार को इसी विषय पर कोल इंडिया के सीवीओ ने भी सभी अनुषंगी कंपनी के सीवीओ के साथ चर्चा की। अभियान को कामयाब बनाने के लिए सुझाव दिए। यह अभियान सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 की शुरूआत है, जो सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक पूरे सीसीएल में मनाया जायेगा। मौके पर सीसीएल सीवीओ पंकज कुमार ने सतर्कता विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई।

# खिलाड़ी खुद के लिए खेल में मानक स्थापित करें : हर्षनाथ मिश्र

**सीसीएल निदेशक कार्मिक ने जेएसएसपीएस में फहराया तिरंगा**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस पर खेलगांव स्थित झारखंड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) में झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। उन्हें खुद के लिए मानक स्थापित करने की सलाह दी, ताकि भविष्य में और अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि वास्तव में खिलाड़ी अपने आपसे ही प्रतिस्पर्धा करते हैं। दूसरों के लिए एक मानक स्थापित करते हैं।

इस अवसर पर झारखंड के खेल निदेशालय के संयुक्त सचिव राज किशोर खाखा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जेएसएसपीएस, एलएमसी के सदस्य एवं सीईओ जीके राठौर, विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक, सीसीएल के अधिकारी एवं अन्य अतिथि उपस्तिथ थे। जेएसएसपीएस के कैडेट्स ने परेड में भाग लिया। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता, उनके प्रशिक्षक और अन्य कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निदेशक (कार्मिक) ने पुरस्कृत किया।

ज्ञात हो कि जेएसएसपीएस का संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और झारखंड सरकार संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को खेलजगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में जेएसएसपीएस खेल अकादमी में 288 प्रशिक्षु हैं। उन्हें वेटलिफ्टिंग, साईकलिंग, मुक्केबाजी, कुश्ती जैसे 11 खेल में निपुण प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जेएसएसपीएस के कई कैडेट्स वैश्विक स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं।

कैडेट्स नारायण महतो, विकास कच्छप, अनुप कुमार, सबीना कुमारी, बाबूलाल हेम्ब्रम एवं अन्य खिलाड़ी कई अंतर्राष्ट्रीय पदक देश के लिए हासिल कर चुके हैं। जेएसएसपीएस के कैडेट्स (अंडर-17 बालिका वर्ग) ने बांग्लादेश की टीम को आसानी से हराकर सुब्रतो कप जीता है।

## आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व अंतरराष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच एमओयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने अंतरराष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया। इस समझौता पर आरटीसी इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डॉ एन हरि बाबू और द वर्डोनॉमिक्स टाइम्स के प्रधान संपादक और अंतरराष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक सीएमए संदीप कुमार ने हस्ताक्षर किए। आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से बताया गया- यह साझेदारी कई उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बनाई गई है। इस अवसर पर झारखंड सह अध्यक्षराजकिशोर साहू, सीएमए मनोज कुमार सिंह, असिटेंट प्रिंसिपल डॉ मनीषा कुमारी व आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सीएमए अमित केडिया जी के साथ-साथ संस्थान के लोग उपस्थित रहे।

### दिल्ली के झारखंड भवन में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



**रांची।** दिल्ली स्थित झारखंड भवन में स्थानिक आयुक्त अरवा राज कमल ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। अरवा राज कमल ने झारखंड सरकार की तरफ से सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर झारखंड भवन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस उत्सव में भारत सरकार ने झारखंड के पंचायत स्तर पर विशिष्ट कार्य करने वालों को आमंत्रित किया। सभी ने पंचायती राज की निदेशक निशा उरांव की उपस्थिति में कार्यक्रम में भाग लिया। गिरिडीह के तिरला बगोदर की सरिता देवी को पंचायत स्तर पर आत्मनिर्भर संरचना के लिये, कांके स्थित पिठोरिया की मुन्नी देवी, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित, को पेयजल एवं स्वच्छता के उत्कृष्ट कार्य के लिये और गुमला की रश्मि लकड़ा को बच्चों के अनुकूल पंचायत बनाने में और क्रियान्वयन करने में अहम भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया था।

### अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी उत्सव मना

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। मौके पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र (बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीयां, अमित जालान, प्रदीप अग्रवाल, अरुण धानुका, विकाश पाड़िया, अनुराग पोद्दार, सुदर्शन चितलांगिया, विवेक ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल का विशेष सहयोग रहा।

## हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रावण शुक्ल पुत्रदा एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही भक्तों की लगी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को श्रावण शुक्ल पुत्रदा एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। सुबह मंगला आरती के बाद पट लगाकर बाबा श्याम का प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया। 8.30 बजे की श्रृंगार आरती में सैकड़ों की संख्या में भक्त अपनी मनोहर अर्जी लगा रहे थे। विश्राम आरती के बाद पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद बाबा श्याम का संध्याकालीन श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए लाल गुलाब, पीला गुलाब मॉर्गन रजनीगंधा तुलसीदास पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का दिव्य अद्भुत श्रृंगार किया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा बुटी मोड़ निवासी संतोष सिंह के द्वारा निवेदित थी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से बाबा की अखंड ज्योति प्रचलित करके प्रारंभ हुआ।

### मेरी हेलो किड्स में स्वतंत्रता दिवस समारोह मना



**रांची।** कांके ब्लॉक स्थित मेरी हेलो किड्स में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी तथा नाट्यकपान्तर के द्वारा बताया कि हमारे देश के अमर शहीदों और बहादुर सिपाहियों ने कितनी कठिनाई से ये आजादी हासिल की थी। स्कूल के निर्देशक एवं प्रिंसिपल के द्वारा संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया गया। प्राचार्या ने बच्चों को आजादी की अमर गाथा सुनाई और हमेशा सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा दी साथ ही अपने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया, जिनकी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष बने पीएस कालरा

**डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स की वार्षिक बैठक गुरु नानक स्कूल में संपन्न**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स की वार्षिक बैठक शुक्रवार को गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में डीपीएस मथुरा रोड, नई दिल्ली के प्राचार्य डॉ. राम सिंह उपिस्थत थे। बैठक में सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स का नेतृत्व करने के लिए नए सदस्यों का चुनाव किया गया। डॉ. राम सिंह को पेट्रोन नियुक्त किया गया, जबकि पी.एस. कालरा, प्राचार्य, विकास विद्यालय को नया प्रेसिडेंट चुना गया। विद्या विकास पब्लिक स्कूल की प्राचार्य मिस जया प्रसाद कॉम्प्लेक्स की सेक्रेटरी के रूप में नियुक्त की गयी हैं। मौके पर पी.एस. कालरा ने शैक्षणिक समुदाय में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए डॉ. राम सिंह को सम्मानित किया। डॉ. राम सिंह ने अपने संबोधन में डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, रांची के उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभा को अपने अटूट समर्थन और शैक्षणिक क्षेत्र की प्रगति में योगदान देने की अपनी तत्परता का आश्वासन दिया। इस मौके पर मिस सीमा चितलांगिया, प्राचार्य, ब्रिजफोर्ड स्कूल, कैप्टन सुमित कौर, प्राचार्य, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, नीता पांडे, प्राचार्य, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, अभय सिंह, प्राचार्य, आर्मी पब्लिक स्कूल, डॉ. आर.के. झा, प्राचार्य, डीपीएस रांची, एस.के. सिंह, प्राचार्य, राम टहल चौधरी हाई स्कूल, अभिषेक हरित, प्राचार्य, श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिस्टर जयंती केरकेप्ता, प्राचार्य उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल, खलारी, सिस्टर अलेक्सिया बेक, प्राचार्य, सेंट एन्स कॉन्वेंट स्कूल, ललन सिंह, प्राचार्य, एसएसवीएम, शालिनी विजय, प्राचार्य, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, मोनिका श्रीवास्तव, प्राचार्य, सचिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की प्राचार्य जया प्रसाद, विवेकानन्द विद्या मंदिर के प्राचार्य एस.पी. सिंह, टेंडर हार्ट स्कूल के डायरेक्टर सुधीर तिवारी, कैराली स्कूल के पूर्व प्राचार्य, सी.जे.जैकब और अन्य लोग इस बैठक में शामिल हुए।

# तटीय सुरक्षा

जिस प्रकार चीन और पाकिस्तान श्री लंका में अपनी जासूसी जहाज भेजकर भारत की गोपनीयता समाप्त करना चाहते हैं उस पर नियंत्रण आवश्यका है। चीन ने अपना प्रतिनिधित्व कनिष्ठ ओहदे के जरिए करना तय किया था, लिहाजा उसकी उपस्थिति संयुक्त राष्ट्र में स्थाई उप-प्रतिनिधि गेंग शुआंग के रूप में थी। अलबत्ता पाकिस्तान की अपने बड़बोले विदेश मंत्री के जरिए बात रखने की पेशकश को ठुकरा दिया गया। पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय नौवहनीय मार्गों की सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इसे मानवता की संयुक्त विरासत और मुल्कों के बीच व्यापार के लिए जीवनरेखा बताया। उन्होंने देशों के बीच जारी विभिन्न समुद्रीय विवादों से दरपेश समस्याओं और चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अनेकानेक वैश्विक चुनौतियां जैसे कि मौसम में बदलाव, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, समुद्री डाकू और सागरीय सीमा विवादों की वजह से महासागरों का काफी महत्व है। वैश्विक नौवहनीय सुरक्षा के मामले में वैध समुद्री व्यापार मार्गों में खड़ी हुई अड़चनों को आपसी समझ और सहयोग बनाकर सुलझाने पर बल दिया। यह तय है कि नौवहनीय विवादों का निपटारा केवल शांतिपूर्ण ढंग से और अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर होना चाहिए। इस संबोधन को परिषद द्वारा अंगीकार करने का अर्थ है समुद्रीय सीमा विवादों को सुलझाने में सुसपष्ट मानदंड का खाका बनना। भारत ने अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ लगभग तमाम जलीय सीमा विवादों को हल कर लिया है, केवल पाकिस्तान के साथ नौवहनीय सीमारेखा निर्धारित करनी बाकी है। जबकि चीन के जलसीमा विवाद जापान, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, वियतनाम, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई और ताइवान इत्यादि देशों के साथ जारी है।

# न्याय- अन्याय

देश में न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज स्थिति है। बताया जाता है कि देश में तीनों स्तरों पर करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं। निश्चित ही यह न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसके बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए। निस्संदेह, भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में न्यायिक प्रक्रिया की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके। जिसके लिये जरूरी है कि अदालती मामलों का तय समय सीमा में निपटारा किया जाना सुनिश्चित हो। उम्मीद की जा रही है कि हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार हो सकेगा। केंद्र सरकार भी कहती रही है कि नये कानूनों का मकसद लोगों को सजा देने के बजाय न्याय दिलाने पर केंद्रित है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इन प्रयासों से मुकदमों के निस्तारण में गति आएगी। देश की जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि दशकों से लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो। जिससे न्यायिक प्रक्रिया से हताश-निराश लोग समझौता करने को बाध्य न हों।

# जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण


आजादी के 75 साल बाद इस मॉनसून के दौरान जब बारिश का बेशकीमती पानी नालियों में बहे तो थोड़ा अवसर निकालकर जल प्रबंधन के बारे में हम अपने ज्ञान को संक्षेप में दोहराएं और देखें कि जलवायु के जोखिम की शिकार दुनिया में इसका क्या अर्थ है? यह विषय आज सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

दो ऐसे तथ्य हैं जिनका खंडन नहीं किया जा सकता हैः पहला, पानी स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख निर्धारक है। दूसरा, जरूरी नहीं कि पानी को लेकर जंग के हालात बनें लेकिन अगर हमने जल संसाधन का समझदारीपूर्वक प्रबंधन नहीं किया तो ऐसा अवश्य होगा। इसके लिए हमें जल प्रबंधन की नीति और उसके व्यवहार को दुरुस्त करना होगा।

बीते दशक के दौरान देश ने जल प्रबंधन को लेकर कुछ अहम सबक सीखे हैं। सन 1980 के दशक के अंत तक जल प्रबंधन काफी हद तक सिंचाई परियोजनाओं तक सीमित था। इसके तहत बांध और नहरें बनाकर पानी का भंडारण किया जाता था और उन्हें दूरदराज इलाकों तक पहुंचाया जाता था। इसके बाद सन 1980 के दशक के आखिर का बड़ा सूखा पड़ा। यह स्पष्ट हो गया कि केवल बड़ी परियोजनाओं के जरिये एकत्रित जलापूर्ति की मदद से जल संरक्षण का काम नहीं किया जा सकता है। उसी समय सेंटर फॉर साइंस ऐंड एन्वॉयरनमेंट (सीएसई) ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसका शीर्षक थाः ह्यडाइंग विजडम। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि कैसे देश के विभिन्न इलाकों में पारंपरिक तौर तरीके अपनाकर वर्षा जल का संरक्षण किया जा सकता था। इसके लिए नारा दिया गया थाः चूंकि वर्षा विकेंद्रीकृत है इसलिए पानी की मांग भी विकेंद्रीकृत है। ऐसे में जब भी, जहां भी बारिश हो, उसे संरक्षित करें।

इसके बाद नीति में आमूलचूल बदलाव आया। सन 1990 के दशक के आ?खिर के सूखों के दौरान राज्यों ने तालाब बनाकर, गड्ढे खोदकर और जल धाराओं पर चक बांध बनाकर वर्षा जल के संरक्षण की भारी भरकम योजना की शुरूआत की। सन 2000 के दशक के मध्य तक ये सारे प्रयास महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में शामिल हो गए तथा ग्रामीण श्रमिकों की मदद से जल संरक्षण ढांचे बनाये जाने लगे।





-सुनीता नारायण

> सन 2010 के दशक में शहरी क्षेत्रों में सूखे ने दस्तक दी। यह समझ में आया कि जलापूर्ति का समायोजन तो चुनौती का केवल एक हिस्सा था क्योंकि शहर दूरदराज से लाए जा रहे पानी पर निर्भर होते जा रहे थे। इस पानी को पंप से भरने और पाइप से दूर तक पहुंचाने में वितरण संबंधी नुकसान होते थे और बिजली की बढ़ती लागत का भी खतरा था। इसके चलते उपलब्ध जल महंगा हो रहा था।

उस समय तक यह समझा जाने लगा था कि भूजल जिसे एक मामूली संसाधन समझा जाता था वह दरअसल पीने के पानी और सिंचाई दोनों ही नजरिये से पानी का काफी अहम संसाधन है। यह बात समझी जा चुकी थी कि देश की खेती का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा वर्षा जल पर आधारित है, इसलिए जल संरक्षण और वर्षा जल संरक्षण जरूरी था ताकि कृषि उत्पादकता और सबकी बेहतरी सुनिश्चित की जा सके। वर्षा जल संरक्षण के तहत हर कुएं और हर जल संरचना को रीचार्ज करना होगा।

सन 2010 के दशक में शहरी क्षेत्रों में सूखे ने दस्तक दी। यह समझ में आया कि जलापूर्ति का समायोजन तो चुनौती का केवल एक हिस्सा था क्योंकि शहर दूरदराज से लाए जा रहे पानी पर निर्भर होते जा रहे थे। इस पानी को पंप से भरने और पाइप से दूर तक पहुंचाने में वितरण संबंधी नुकसान होते थे और बिजली की बढ़ती लागत का भी खतरा था। इसके चलते उपलब्ध जल महंगा हो रहा था और इसकी आपूर्ति पर भी असर पड़ रहा था। जलापूर्ति समाप्त होने लगी तो लोगों ने भूजल का रुख किया लेकिन उन्होंने पानी को सतह के नीचे पहुंचाने यानी रीचार्ज करने पर ध्यान नहीं दिया। तालाब और जलाशय आदि को समाप्त कर दिया। इन सब कारणों से भूजल स्तर लगातार कम होता गया।

यह वह दशक था जब पानी की आपूर्ति प्रदूषण से संबद्ध थी। ज्यादा जलापूर्ति का मतलब था पानी की ज्यादा बरबादी। समुचित उपचार के अभाव में इससे नदियां तथा अन्य जल स्रोत प्रदूषित हो रहे थे। इससे उपलब्ध जल भी खराब होने लगा और उपलब्ध पेयजल को साफ करने की लागत बढ़ने लगी।

कुछ वर्ष बाद शोध से पता चला कि शहरी निवासियों में बड़ी तादाद ऐसे लोगों की थी जो भूमिगत नालियों से जुड़े ही नहीं थे। यह व्यवस्था तैयार करने में पूंजी और संसाधन दोनों लगते हैं। इसके बजाय वे गंदगी के स्थान विशेष पर निपटान की व्यवस्था रखते थे। इसके तहत घरों के शौचालय सेप्टिक टैंक से जुड़े रहे थे या कई बार तो खुली नालियों में गंदा बहा दिया जाता था। शहरों की सफाई की प्रणाली में सीवेज उपचार की अधोसंरचना शामिल ही नहीं थी। ऐसे में प्रदूषण फैलता था और नदियां भी इससे अछूती नहीं थीं।

इस बीच नये हल भी सामने आए। चूंकि सस्ती जलापूर्ति आवश्यक थी इसलिए शहरों को वितरण पाइपलाइन का आकार छोटा करने की आवश्यकता थी। ऐसे में तालाब, टैंक और वर्षा जल संरक्षण ढांचे जैसी स्थानीय जल प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत आवश्यक था। उस स्थिति में अगर शहरों को सभी के लिए सस्ती दर पर स्वच्छता मुहैया करानी थी और बेकार होने वाले पानी को रियायती ढंग से उपचारित करना था तो इसके लिए आवश्यक था कि कचरा एकत्रित करने की पुरानी व्यवस्था में तब्दीली लायी जाए और हर घर से कचरे को एकत्रित करके उपचार संयंत्र तक पहुंचाया जाए और उसे उपचारित किया जाए। लेकिन सबसे अहम बात यह थी कि हमने एक सबक सीख लिया था। वह यह कि अगर इस शहरी-औद्योगिक पानी का उपचार कर लिया जाए तो पानी बरबाद नहीं होगा और हमारी नदियां भी नहीं सूखेंगी।

इसका अर्थ यह है कि पानी की किफायत वाली सिंचाई से लेकर कम पानी खपत वाले उपकरणों के इस्तेमाल तथा भोजन व्यवहार में ऐसे अनाज को शामिल करना होगा जो? जिन्हें तैयार होने में कम पानी लगता हो। इस दशक में हम अब तक सीखे सारे सबक आजमा सकते हैं क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर बढ़ने वाला है। हमें भी स्थानीय जल प्रणालियों में निवेश बढ़ाना होगा ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो और हम सूखे का मुकाबला करने के लिए तैयार हो सकें। हमें अपने शहरों में झीलों और तालाबों पर ध्यान देना होगा।

## खास बात

# मुक्त शिक्षा

**गिरीश्वर मिश्र**

**औपनिवेशिक** भारत में प्रमुख शिक्षा संस्थान भारतीयों को 'विदेशी' बनने या स्वीकार्य पश्चिमी मापदंडों के आधार पर अपनी सभ्यता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य करते रहे। दूसरे शब्दों में भारतीयों को यूरोपीय लोगों की तरह सोचने और बनने के लिए ढाला गया। आवरण में छद्म रूप में स्वयं को प्रोत्साहित करने का यह प्रभावी उपाय अंग्रेजों की कामयाब तजबीज थी । फिर भारतीय लोग दूसरों द्वारा पेश किए गए अमूर्त और सैद्धांतिक औजारों के साथ खुद को समायोजित करते रहे और आज भी कर रहे हैं । ऐसे में वे मनुष्य के रूप में स्वायत्त या स्वाधीन जीवन कभी नहीं जी सकते। पश्चिमी दर्शन में ढले ऐसे भारतीय यह तर्क भी देते हैं कि वह एक सार्वभौमिक वैचारिक ढांचा है और इसके फलस्वरूप अधिकांशतः यूरो अमेरिकी ज्ञान मॉडल को अपनाकर उपनिवेशीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ाने का ही काम जारी कर रहे हैं। यूरोप समर्थित शैक्षणिक परंपरा पूरी दुनिया में दूसरों को भरसक हाशिये पर धकेलती रही है ।

समसामयिक स्थिति यह है कि अनेक भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं को भी पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में रह कर भारतीय शोधकर्ता भारतीय दर्शन और मूल्यों की सामग्रियों और गुणों से खुद को दूर कर लेते हैं। ऐसा तब है जब ज्ञान-सृजन की आधुनिक (औपनिवेशिक!) पद्धति से बहुत पहले भारत ज्ञान-मीमांसा की दृष्टि से गंभीर चिंतन का गढ़ था। आजादी के सात दशकों के बावजूद हम उधर ध्यान न दे सके। वि-उपनिवेशीकरण का आधार भारतीय होना चाहिए इस तथ्य को पहचान कर भारत में समकालीन उच्च संस्थानों और उनके उत्पादों, अनुसंधान प्रयासों और स्नातकों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। इस प्रसंग में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम को नवाचारों के माध्यम से सजीव करने की जरूरत बहुत दिनों से महसूस की जाती रही है परंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका । यह प्रवृत्ति देशज विकास के प्रयासों में सदैव बाधक ही रहेगी ।

# जीवन जीना

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**वास्तविकता** के साथ जीना सीखना सबसे महत्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना, मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दें और हरेक चीज को वैसी ही देखें जैसी वह है, तो मुक्ति आपसे बस एक कदम ही दूर है। आप को कुछ भी नहीं करना है, समय ही सब कर लेगा। समय आप को किसी और तरह से परिपक्व कर देगा।

आप को बस अपने आप को ऐसे बनाना है कि आप कोई कल्पनायें न करें, अच्छी या बुरी। आप कोई भगवान या शैतान न बनाएं, स्वर्ग और नर्क, अच्छा और खराब न बनाएं। ऐसा कुछ भी न हो कि, मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूँ, उसे नहीं करता। आप हर चीज को उसी तरह से देखना सीख लें, जैसी वो है, बस यही सब कुछ है। किसी खास समय पर, कुछ विशेष गतिविधि के लिये, हमें चीजों को एक विशेष रूप में देखना पड़ सकता है। बाकी समय आप उन्हें बस वैसी ही देखिए, जैसी वे हैं।

अगर आप चीजों को वैसे ही देखते हैं जैसी वे हैं, तो आप देखेंगे कि जीवन केवल इस या उस रूप में नहीं होता। ये पूरे ब्रह्माण्ड में हर तरफ विस्फोटित हो रहा है। यह ब्रह्माण्ड एक जीवित ब्रह्माण्ड है। इस बात को आप तभी देख सकेंगे जब आप हर किसी की पहचान इस तरह से करना बंद कर दें, यह जीवन है, यह जीवन नहीं है, इसमें प्राण हैं, इसमें प्राण नहीं हैं, यह पुरुष है, यह स्त्री है। हर चीज को बस वैसी ही देखिए जैसी वह है। तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है'।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार ट्विटर डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सच सामने आये

**लगभग** 6 सालों के बाद ड्रैगन के कुत्सित इरादों की पोल पट्टी जिस तरह से खुली है। इस समय पूरी दुनिया कोरोना से लड़ रही है मगर चीन अपने काम-धंधे में व्यस्त है। वहां कोरोना संक्रमण से मौतों की कोई खबर नहीं आ रही है। चीन ने दुनिया के साथ जिस तरह धोखे पर धोखे किए हैं, उससे उसकी कलई खोलना जरूरी है। समस्त राष्ट्र एक होकर चीन को रोकें।

**–अमृतलाल, रांची**

### उम्मीद और आजादी

**राजनीतिक,** सामाजिक और आर्थिक आजादी का लाभ देश के हर आम आदमी को मिले-तब ही यह आयोजन सफल माना जा सकेगा। लोकतंत्र के शीर्ष मंदिर, हमारी भारतीय संसद में नकारात्मक कारणों से हाहाकार है। कोरोना के विषाद और समाधान नहीं बल्कि सत्ता खो देने का महाविलाप है। लेखक का मानना है कि ऐसे में सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। **–मीरा शर्मा, हजारीबाग**

**केंद्रीय** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी ने ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान के अंतर्गत डाक विभाग के डाक निरीक्षक धनबाद केंद्रीय अनुमंडल श्री संतोष कुमार के माध्यम से पत्र प्राप्त हुआ।

**– पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक**

## आपके ट्वीट

**विदेशी** धरती पर पहली बार भारत का ध्वज 1907 में एक महिला द्वारा फहराया गया था, जिनका नाम था भीकाजी कामा। देश की आजादी के लिये योगदान देते हुए उन्होंने साहित्य लिख कर प्रवासी भारतीयों में वितरित किया।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





सुप्रीम कोर्ट के आज के ऐतिहासिक फैसले से अब झारखंड को केंद्र से मिलेंगे अपने बकाये के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये! हर झारखंडी के इस बकाये/अधिकार को लेकर आपकी अबुआ सरकार लगातार आवाज बुलंद कर रही थी। **– हेमंत सोरेन**

# रायशुमारी को अपने पक्ष में करने के लिए बदले जा रहे पार्टी पदाधिकारी, चुनाव के पहले का खेल

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

## चुनावी चर्चा

लोकसभा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर झारखंड में सर्वाधिक मत से जीतने वाले विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी मंडल अध्यक्ष पुरस्कार में हटाये जा रहे हैं।

पलामू में भाजपा के अंदर शह -मात का खेल जारी है। फिलहाल पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्र में डालटनगंज विधानसभा सीट सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। पहले से इस सीट पर वर्तमान एमएलए आलोक चौरसिया के साथ वर्तमान में पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह की प्रबल दावेदारी थी। 2019 के चुनाव में भी कमोबेश यही स्थिति थी। लेकिन 2024 में राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। इस बार इस सीट पर मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर की प्रबल दावेदारी है। इलाके के भ्रमण के दौरान अरूणा शंकर के प्रति जो जनरूझान देखने को मिल रहा है उससे उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी की चिंता बढना स्वाभाविक है। जैसा की इस बार पार्टी के रूख से स्पष्ट है कि प्रत्याशी चयन में सावधानी बरती जायेगी। कार्यकताओं की रायशूमारी भी काफी महत्वपूर्ण होगा। ऐसे में संगठन में अपनी दखल बढ़ाने का भी खेल शुरू हो चूका है। बात यदि डालटनगंज विस की हो तो आलोक चौरसिया लगातार दो बार से विधायक है .लेकिन एक विधायक के तौर पर अभी तक वह लोगों के दिलों में जगह नही बना पाये। प्रथम महापौर अरूणा शंकर की क्षेत्र में बढ़ी राजनीतिक सक्रियता की वजह से आलोक अपनी पुरानी छवि को बदलने की पुरजोर कोशिश कर रहे है, ऐसे में सवाल उठना भी लाजिमी है कि दस वर्षों का टास्क कुछ महिने में कैसे कंपलीट हो पायेगा ? दूसरे प्रबल दावेदार मनोज सिंह वर्ष 2014 में प्रचंड मोदी लहर में चुनाव हार गये थें। लेकिन इसके बाद भी उनकी चुनाव लड़ने की इच्छा प्रबल है । चतरा लोकसभा सीट से भी वह संभावित प्रत्याशी रहे। मगर सफलता हाथ नही लगी। इस बार संगठन में महत्वपूर्ण पद मिलने के बाद संगठन पर अपना दबदबा कायम करने की रणनीति पर काम करने में जुट गये है। खासतौर पर डालटनगंज सीट के परिधि में आने वाले इलाकों में संगठन वैसै लोगो को जगह दी गयी है जो लोग संगठन के लिए कम और पसंदीदा नेता के ज्यादा मुफीद है। राजनीतिक जानकारों की माने तो अभी भाजपा में डालटनगंज सीट को ले कर विधायक आलोक चौरसिया और प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह की जुगलबंदी है। इन दोनों का लक्ष्य एक है टिकट की दौड से अरूणा शंकर को किसी भी तरह से आउट करना है। दोनो की राजनीतिक जुगलबंदी की जो वजह है वह यह है कि चूंकि आलोक चौरसिया पिछडा वर्ग से आते है और मनोज सिंह सर्वण वर्ग से आज की तिथि में अरूणा शंकर आलोक चौरसिया के लिए बडी राजनीतिक चुनौती बनी है। ऐसे में दोनो मिल कर योजनाबद्ध तरीके से काम करने में जुटे है। इस योजना की एक झलक हाल के दिनों में हुई सांगठनिक फेर बदल में देखने को मिला । देखने को मिल रहा है कि सदर ग्रामीण मंडल ,जिसमें कई ऐसे पंचायत है जो ब्राहण बाहुल्य है,उस मंडल का दात्यिव राजपूत समाज के पास दे दी गयी है। पलामू में सर्वण समाज से आने वाले इन दोनों जातियों के बीच की राजनीतिक दूरी जग जाहिर है। ऐसे में यह सवाल उठ रहे है ऐन चुनाव के वक्त में इस तरह के निर्णय कर आखिर पार्टी अपने परंपरागत वोट पर ही सेंध क्यो लगाना चाह रही है ? कहा जा रहा प्रदेश महामंत्री रहते मनोज सिंह पंचायत से ले कर प्रखंड तक के पदाधिकारियों के चयन के मामले में दखल दे रहे है। उनके इशारे पर नये का चयन हो रहा और पुराने को चलता किया जा रहा है। रायशुमारी की यह तैयारी है ,जब ज्यादातर अपने पसंदीदा लोग कमेटी में रहेगे तो टिकट की राह आसान होगी। नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू सिन्हा बदल दिये गये तो पार्टी संविधान के विपरित जा कर चैनपुर मंडल में शशिभूषण पांडेय को एक्सेटेशन दे दिया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष

**योगेंद्र योगी**

## सामयिक

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है।

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड? के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं।

बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है। हन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है।

# डबल का झांसा देने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी अभियुक्तों के पास से 3 लाख 86 हजार बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** 13 अगस्त को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ लोग जो नोट डबल करने का झांसा देकर ठगी करने का धंधा करते है तथा जो व्यक्ति झांसे में नही आते है उन्हे अपने पास काफी बलैक मनी (काला धन) होने की बात कह कर उक्त पैसे को व्हाईट मनी करने के लिए गिरोह के किसी भी व्यक्ति के खाता में पैसा ट्रांसफर करवाते हैं और यह कहते है कि जितना पैसा ट्रांसफर करोगे उसका दोगुना पैसा किस्त में नगद वापस करेंगें। पैसा ट्रांसफर करा लेने के बाद व्यक्ति को धमकी देकर भगा दिये जाते हैं।

ये लोग बरकाकाना क्षेत्र में किसी व्यक्ति को झांसा देने के लिए सफेद रंग के बेलेनो वाहन से घुम रहें है। इस सूचना के आलोक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेन्द्र राम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सूचना का सत्यापन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया गठित टीम द्वारा बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत वाहन चेंकिग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना चौक में तैनात पुलिस बल को देख एक सफेद रंग का बेलेनो भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। बेलेनो सवार व्यक्ति का नाम पूछने पर 1. धनाश्री सांतेश्वर विजय कुमार 2. हैदरअली अब्दुल सत्तार शेख 3. लक्ष्मीकांत 4. अभिराम कुमार सिंह 5. राजकुमार पाण्डेय बताया गया। सबों की और वाहन की तालाशी लिये जाने पर इनके पास से नगद रूपया-3,86,000 / (तीन लाख छियासी हजार) रूपया, कागज का नोट जैसा बंडल बना हुआ 14 पीस जिसके ऊपर 500 का नोट रबर से लगा हुआ, फर्जी एग्रीमेंट पेपर-02, स्क्रीनटच मोबाईल कुल-09 पीस बरामद किया गया। उक्त व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ करने पर सभी व्यक्ति एक दूसरे को ठगी करने के नियत से उपर्युक्त बरामद पैसे कागज का नोट एवं छदम नाम से पेपर एवं फर्जी नाम से कम्पनी बनाये जाने की बात बताये। पुलिस अधीक्षक ने कहा की यह एक संज्ञेय अपराध है।

पकड़े गए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं इस संदर्भ में पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या-213/24 दिनांक-15. अगस्त 2024, धारा-338/ 336(3)/ 340(2)/ 318(4)/ 316(2)/ 61(2) बीएनएस अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई । गिरफ्तार पाँचों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भे दिया गया।



जानकारी देते व इनसेट फोटो में बरामद राशि

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता

धनाश्री सांतेश्वर विजय कुमार उम्र करीब 40 वर्ष, पिता-धनाश्री विजय कुमार ग्राम-उस्तुरी, पो०-उस्तुरी, थाना-कासर सीरसी जिला-लातूर, राज्य-महाराष्ट्र वर्तमान पता-क्वॉटर न०-बी० 402 स्वराज रेसीडेन्सी, मोसी, थाना-मोसी जिला-पूणे, राज्य-महाराष्ट्र।

हैदरअली अब्दुल सत्तार शेख उम्र करीब 57 वर्ष, अब्दुल सत्तार शेख, पता-रसुलपुर पो०-बहादुरगंज, थाना-कासीमाबाद, जिला-गाजीपुर राज्य-उत्तर प्रदेश।

लक्ष्मीकांत उम्र करीब 42 वर्ष, पिता-स्व० अशोक कुमार पता-नवडीहा, सिंदूर थाना-कोर्रा जिला-हजारीबाग।

अभिराम कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-नवीन कुमार सिंह पता-नवडीहा सिंदूर, थाना-कोर्रा जिला-हजारीबाग।

राजकुमार पाण्डेय उम्र करीब 36 वर्ष पिता महेन्द्र पाण्डेय पता वेदविगहा थाना-राजपुर जिला-चतरा।

बरामदगीः

1. बेलेनो कार सफेद रंग का रजिस्ट्रेशन संख्या-जेएच02बीएम 9565
2. नगद रूपया-3,86000 / (तीन लाख छियासी हजार) ।
3. कागज का नोट जैसा बंडल बना हुआ 14 पीस जिसके उपर 500 का नोट रबर से लगा हुआ।
4. फर्जी एग्रीमेंट पेपर-02 मोबाईल कुल-09 पीस।

छापामारी दल में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेन्द्र राम, पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, पुअनि विकास आर्यन एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर में

## प्रखंड़ में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय महापर्व



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस प्रखंड़ के सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों संस्थानों में बड़ा धुमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सभी संस्थानों सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड़ मुख्यालय में प्रमुख स्वेता कुमारी , थाना परिसर में थानाप्रभारी सफीक खान, दारू पंचायत भवन में मुखिया सुनील कुमार, इरगा पंचायत भवन में मुखिया अनिता देवी ,हरली पंचायत भवन में मुखिया फरजाना खातून,रामदेव खरिका पंचायत भवन मुखिया झरना देवी, जिनगा पंचायत भवन में मुखिया पिंकी देवी , कबिलासी पंचायत भवन में मुखिया रीना देवी, मेढकुरी पंचायत भवन में मुखिया भोला तुरी, पुनाई पंचायत भवन में मुखिया अनिल देव, दिगवार पंचायत भवन में मुखिया महेंद्र मुर्मू, बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में सचिव प्रेमचंद देव, स्वामी विवेकानन्द विद्यालय झुमरा में प्राचार्य नंदकिशोर सिंह ,छत्रपति शिवजी विद्यालय में वार्ड सदस्य बंसत कुमार रवि ने किया तथा सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल के डाइरेक्टर आशीष राउत ने किया। वहीं आईएमएस एमएमएम इंलिश मीडियम स्कूल पिपचो में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चो ने राष्ट्रीय गीतों पर तिरंगे के साथ झूमते रहे है। वहीं विद्यालय के बच्चो ने कराटे के कर्तब्य को दिखाते हुए लोगों को अचंभित कर दिया।

## कुजू कोयलांचल में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना



झंडे को सलामी देते कुजू ओपी प्रभारी



झंडोत्तोलन करती मुखिया ललिता देवी

**खबर मन्त्र संवादाता**

**कुजू।** 78वां स्वतंत्रता दिवस कुजू कोयलांचल व इसके आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने झंडे के नीचे एकत्रित होकर देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए झंडे को सलामी दी। क्षेत्र के सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक आरके सिन्हा, कुजू ओपी में प्रभारी दिगंबर पांडेय, बालिका उच्च विद्यालय मुरपा में सचिव अनीश कुमार गुप्ता, नयामोड़ स्थित जनता मजदूर संघ कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद, आरजेडी कार्यालय नयामोड़ में जिलाध्यक्ष मो गुलजार, सर्वोदय निकेतन में निदेशक नरसिंह कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा, सृजन फाउंडेशन, शारदा बाल विद्यालय मंदिर, आंगनबाड़ी कठरा टोला के अलावे अन्य लोगों ने झंडोतोलन किया। वहीं कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** हजारीबाग कोयला खान परियोजनाओं में हर्ष और उल्लास के साथ देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरेडारी एवं बादम कोयला खनन परियोजना के तमाम पदाधिकारी उनके परिजन, एसोसिएट्स, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी एवं अन्य लोग? इस मौके उपस्थित हुए। आजादी के जश्न की शुरूआत झंडों तोलन के साथ की गई और उसके बाद प्रयोजना प्रमुखों द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित किया गया। सभी परियोजनाओं के प्रमुखों ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले देश की आजादी के महत्व को बयां करते हुए कहा कि ये आजादी, ये स्वतंत्रता हमें मुफ्त में नहीं मिली है बल्कि इसके लिए हमारे पूर्वजों ने भारी कीमत चुकाई है। सबसे पहले पकरी बरवाडीह एवं पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोल माइनिंग डिवीजन ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है आज हम ऐनटीपीसी की कुल जरूरतों में 13 फीसदी पूर्ण कर रहे हैं जिसे बढ़ाकर में 16 फीसदी करना है । उन्होंने कहा कि



हमें आशा है टीम भावना के साथ यह लक्ष्य जरूर पूरा करेंगे इसके बाद उन्होंने परियोजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को बयां करते हुए कहा कि हम निरंतर अपने लक्ष्य को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विशेष तौर पर जिक्र किया कि आसपास के क्षेत्रों में एनटीपीसी के द्वारा कई तरह के विकास कार्य किए जा रहे हैं जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उनके संबोधन के बाद केरेडारी के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद, चट्टी बरियातू के महाप्रबंधक नवीन गुप्ता एवं बादाम के जीएम अरुण कुमार सिंह ने अपने परियोजना के बारे में वहाँ मौजूद लोगों को महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया । संबोधन के बाद अधिकारियों को विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । अधिकारियों को जीएम मेरिटोरियस पुरस्कार, मानवीयता पुरस्कार, पावर एक्सल पुरस्कार? जैसे सम्मान से नवाजा गया। आजादी के इस जश्न में कल्चरल प्रोग्राम की भी प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाल भवन के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान उत्कर्ष स्कॉलरशिप के तहत एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा परियोजना प्रभावित मेधावी विद्यार्थियों को सहयोग राशि भी दी गई। इन बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए थे जिन्हें सम्मानित कर हौसला भी बढ़ाया गया। साथ ही महिलाओं को सिलाई मशीन भी दी गई ताकि वे अपना भरण पोषण बेहतर ढंग से कर सके । इस बेहद खास मौके पर परियोजना प्रमुखों, कर्मचारीयों के अलावा संस्कृति महिला संघ की अध्यक्षा दुर्गेश एवं जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज के अलावा सैकड़ो अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मंईयां योजना की पावती रसीद का मुखिया ने किया वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 78 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र दूंदुवा, बीटीआई एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के प्रांगण में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा झंडोतोलन किया गया। झंडोतोलन के बाद राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के छात्र-छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर नाटक का मंचन किया गया। साथ ही बच्चों ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुखिया द्वारा 335 महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईया योजना की पावती रसीद का भी वितरण किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे देश के वीर जवान अपने प्राणों की आहुति दे दी। स्वतंत्रता दिवस हमें देश के वीर शहीद जवानों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि देश के अमर शहीद जवानों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। मुखिया ने कहा कि हमसबों को राष्ट्र के विकास हेतु अपने क्षमता अनुसार सहयोग अवश्य करना चाहिए।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ शान से लहराया तिरंगा



**खबर मन्त्र संवादाता**

**पदमा।** प्रखण्ड में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया, जिसमें प्रखण्ड मुख्यालय में प्रमुख वीणा देवी ने 09:30 बजे, बीआरसी में अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी 09:45 बजे एवं थाना परिसर में 10:00 बजे प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह द्वारा झंडोतोलन किया गया। वही रोमी पंचायत भवन में मुखिया गुड़िया मेहता द्वारा 10:00 बजे झंडोतोलन किया गया। तथा सभी पंचायत भवन में मुखिया द्वारा झंडोतोलन किया गया। एवं माँ विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज में प्राचार्य चेतलाल प्रसाद ने झंडोतोलन किया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में देशभक्ति से ओत प्रोत व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं वीर शहीद सैनिको को याद कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान सभाओं व विचार गोष्ठीयो में स्वतंत्रता के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया।

## कोयले का अवैध कारोबार करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** 15 अगस्त को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रांची रोड अशोक धर्मकांटा होकर एक त्रिपाल ढका ट्रक नं0 डब्लूबी83-4417 पर अवैध तरीके से कोयला लोड कर कुछ लोगों द्वारा कार से पुलिस की गतिविधि एवं रेकी करते हुए बाहर के मंडियों में बेचने हेतू ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया की गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के दिशा-निर्देशन में रांची रोड के पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान त्रिपाल ढका ट्रक नं0 डब्लूबी83-4417 एवं रेकी कर रहे कार एक्सयूभी700 नं० जेएच01एफएफ-0786 के चालक सहित 3 व्यक्ति को पकड़ा गया।

## एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**गिद्धौर।** थाना में ताराचंद दांगी के लिखित आवेदन के आधार पर कांड संख्या 53/24 दर्ज किया गया और पुलिस अधीक्षक चतरा के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पत्थलगड़ा थाना में दर्ज लिखित आवेदन के आधार पर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## उल्टा झंडा फहराने के खिलाफ, एसपी को आवेदन

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड मुख्यालय में 15 अगस्त के दिन आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में उल्टा झंडा फहराने के खिलाफ प्रखंड के पंचगांवा निवासी पंचायत समिति सदस्य राजू कुमार यादव ने एसपी को आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है, जो राष्ट्र के मान सम्मान और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।


## झारखंड विस चुनाव को लेकर बैठक में एसपी ने दिये कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को सीमावर्ती राज्य बिहार के नवादा जिला के रजौली प्रखंड सभागार में नवादा एसपी अम्ब्रिश राहुल एवं कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के बीच एक अहम बैठक की गई। बैठक में रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार, कोडरमा एसडीपीओ जीतवाहन उरांव आदि के द्वारा विधान सभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर अन्तर्राज्यीय चेकपोस्ट एवं अंतरराज्यीय सीमा पर विधि-व्यवस्था संधारण पर चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ने सीमा क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने तथा उन इलाकों में गश्ती तेज करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों में पुलिस बल बढ़ाया जाए, ताकि अवैध वस्तुओं एवं संदिग्ध लोग सीमा पार न कर सकें। बैठक में नवादा एसपी ने सहयोग करने की बात कही। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि संदिग्ध वाहनों को जांच पड़ताल की जाए। वहीं चेक नाका पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों को दिया गया।

# मुख्य समारोह स्थल बागीटांड़ स्टेडियम में उपायुक्त ने किया ध्वजारोहण





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य कार्यक्रम स्थल बागीटांड़ स्टेडियम पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान सर्वप्रथम प्लाटुनों, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, वन विभाग और विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड का निरीक्षण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने जिले के उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि जिले के सर्वांगिण विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 21 वर्ष से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बली बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए ''झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना'' की शुरूआत की गई है।

इस योजना के तहत इसी माह 19 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर 151 लाभुकों को उनके बैंक खाते में सम्मान राशि भेजी जायेगी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन को बेहतर किए जाने के परिणाम स्वरुप सदर अस्पताल कोडरमा में अप्रैल 2023 माह से जुलाई 2024 तक ओपीडी में 2.50 (ढाई) लाख से अधिक तथा आईपीडी में 18 हजार से अधिक मरीजों का इलाज हुआ है।

## महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में चिकित्सकों ने निकाला कैंडल मार्च



**खबर मन्त्र संवादाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में देश व राज्यभर में प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इसी के तहत आईएमए के आह्वान पर 15 अगस्त की देर शाम झुमरी तिलैया शहर में कोडरमा के चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाला। वहीं आईएमए अध्यक्ष आरपी शर्मा के नेतृत्व में झुमरीतिलैया स्थित पूर्णिमा टॉकीज परिसर से निकाली गई कैंडल मार्च में जिले के दर्जनों चिकित्सक शामिल हुए। कैंडल मार्च झंडा चौक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गई। वहीं सभा को संबोधित करते हुए आईएमए सचिव डॉ. नरेश पंडित ने ट्रेनी डॉक्टर की हत्या में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए केंद्रीय मेडिकल सुरक्षा अधिनियम को लोकसभा से पारित कराकर लागू करने की मांग की, साथ ही कार्य स्थलों पर डॉक्टर को हिंसा से बचने के लिए एक कानून भी बनाया जाए। उन्होंने बताया कि आईएमएकी ओर से यह भी निर्णय लिया गया कि शनिवार की सुबह 6 बजे से रविवार की सुबह 6 तक कोडरमा की चिकित्सक एक दिनी हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि संगठन ने कहा कि हड़ताल से आपातकालीन सेवा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं महिला चिकित्सकों ने कहा कि आज भी महिलाएं देश में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही है। कुत्सित मानसिकता वाले लोग उनसे उनकी आजादी छीन रहे हैं। महिलाओं को अब अपने हक और अपनी सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़नी होगी। कैंडल मार्च में डॉ.रचना गुप्ता, डॉ.बी रानी, डॉ.रूपा पांडे, डॉ.अलंकृता मंडल, डॉ.अनामिका, डॉ.वर्षा, डॉ.श्रद्धा, डॉ.नम्रता प्रिया, डॉ.सुजीत राज, डॉ.आरके दीपक, डॉ.रामसागर सिंह, डॉ.अभिषेक, डॉ.नीरज शाहा, डॉ.कुलदीप कुमार, डॉ.दिवाकर, डॉ.सागरमनी सेठ, डॉ.संदीप सिंह, डॉ.राजीवकांत पांडेय सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## राजद कार्यालय में शान से फहराया तिरंगा, जिलाध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन

**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय जनता दल के झुमरीतिलैया विशुनपुर रोड स्थित प्रधान कार्यालय में पार्टी जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने आन बान और शान से झंडोतोलन किया एवं राजद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगा को सलामी दी। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि क्रांतिकारियों और महापुरुषों के बलिदान से देश को आजादी मिली। देश 78वां जश्ने आज़ादी मना रहा, ये भारतीय सभ्यता, संस्कृति और देशभक्ति का समागम का अवसर है। देश में अमन चैन और भाईचारगी के साथ स्वाधीनता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए राजद कृतसंकल्पित है।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर चतरा में झंडोत्तोलन समारोह आयोजित

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया झंडोत्तोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चतरा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झंडोत्तोलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने भाग लिया। मंत्री ने झंडोत्तोलन किया और उपस्थित पदाधिकारियों एवं स्कूली बच्चों के साथ राष्ट्रगान गाया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की विशेषताएं बताते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विगत 77 वर्षों में भारतवर्ष में चहुँमुखी विकास हुआ है और आज हम 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उन्होंने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े तमाम लोगों के जीवन स्तर, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति में सुधार के लिए कार्य करना है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर सहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जेएसएलपीएस चता, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, डीएमएफटी




योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, चतरा औद्योगिक नगरी विकास योजना, डीएमएफटी योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य कार्यक्रम स्थल जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में उपायुक्त रमेष घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, समेत जिले के सभी वरीय पदाधिकारी व कर्मी, पत्रकार बंधु समेत कई गणमान्य एवं आम लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं: डीसी

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत के पंचायत सचिव सुमन संदीप किंडो पर अबुआ आवास योजना में राशि लेनदेन के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें किंडो द्वारा अबुआ आवास देने के लिए अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज ने किंडो से कारण पृच्छा किया, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जांच में अबुआ आवास के लाभार्थी ने बताया कि किंडो ने उनसे 20 हजार रुपये की मांग की थी। लाभार्थी और ऑडियो के बयान के आधार पर उपायुक्त के निर्देश पर किंडो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

स्पीड न्यूज

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा युवक घायल



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग बकुलिया टांड़ पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में भिड़ंत हो गई। इसमें एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।। घटना लगभग शाम 6.30 बजे की है। मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ मुख्य पथ के हेसालोंग बकुलियाटॉड़ के देवड़ी पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में भिड़ंत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार भीम महतो (40 वर्ष) डहु बड़गांव निवासी मैक्लुस्कीगंज की तरफ से पेट्रोल पंप तेल लेने के लिए जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से तेज गति आ रही बाइक सवार अजय गंझू (23 वर्ष) उसे टक्कर मार दिया। इसमें स्पेलेंडर सवार की मौके पर ही हो गयी। वहीं पल्सर सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल को रिम्स भेजा गया है।

## इटकी में वज्रपात से युवक की मौत



**इटकी।** प्रखंड के सौका गांव में गुरुवार को शाम करीब पांच बजे वज्रपात की चपेट में आने से सोनू उरांव (19), पिता भागीरथ उरांव की मौत हो गई। बताया जाता है सोनू अपने घर के पीछे छत से गिरता पानी को भरने गया था। इसी दौरान तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर सोनू की मौत हो गई। वज्रपात से घर से सटे कच्चे मकान के पिछले हिस्से में दरार पड़ गई है। सूचना पर इटकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर

**नामकुम।** टाटीसिलवे मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेन्द्र महतो के चाचा गुरूचरण महतो का देहान्त गुरूवार पंद्रह अगस्त को हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बिमार चल रहे थे। उनका अन्तिम संस्कार गुरूवार को महिलौंग घाट पर कर दिया गया। उनके पुत्र राजेष महतो ने उन्हे मुखाग्नि दी। स्व गुरूचरण महतो एजी आफिस से रिटायर थे और द्वोत्र के सामाजिक कार्यो में बढचढ का हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर सांसद सह केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, उपप्रमुख वीणा देवी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## ठाकुरगांव थाना में शान से लहराया तिरंगा

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र में 78वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मौके पर सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। मौके पर थाना में थाना प्रभारी विनित कुमार,साइंस विजन स्कूल मारवा में निदेशक आसिम अख्तर, किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया में प्रचार्य दिनेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया। वहीं निश्चल मेमोरियल स्कूल में प्रधानाचार्य उमेश केशरी, नवपल्लव स्कूल बरौदी में निदेशक कृष्णा साहु ने झंडोत्तोलन किया।

## बेड़ो : अलग-अलग सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**बेड़ो।** दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना पांडेपारा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रोगो पतरा टोली गांव निवासी 21 वर्षीय बाइक सवार युवक सुनील तिर्की पिता सुमित तिर्की व नदी टोली घाघरा गांव निवासी 22 वर्षीय मतीयस कुजूर पिता स्व ऑस्कर कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दोनों युवक थाना क्षेत्र के पांडे पारा से अपने घर जा रहे थे। वहीं दूसरी घटना शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे राजा मुर्गी फार्म हाउस के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर सवारी ऑटो व स्कूटी की सीधी टक्कर में युवक घायल हो गया।


# हटिया विस क्षेत्र में दिखेगा किसमें कितना है दम

- जनता से होगी सीधी भिड़ंत
- भितरघात की भी संभावना

**शेख मुजिबुल**

**रातू।** हरियाणा और जम्मू कश्मीर के बाद झारखंड विधान सभा चुनाव का ऐलान भी जल्द होने वाला है। इसके मद्देनवजर हटिया से विभिन्न राजनीतिक दल के नेता घर से बाहर निकलने लगे हैं। उन्हें इस बार अंदाजा लग जायेगा, कि किसमें कितना दम है। उनका भिड़ंत प्रत्याशी की बजाय, सीधे जनता से होने वाली है। मतदाता उनसे पांच साल का हिसाब लेगी। वह झूठ, प्रपंच, जाति और धर्म के आधार पर वोट नहीं ले सकेंगे। इसके लिये नेताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है। भरत कांशी को छोड़कर किसी ने भी कार्यकर्त्ता व ग्रामीणों की परवाह नहीं की है। इससे संभावित भितरघात से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में चुनाव कौन सा करवट लेगा, यह तो वक्त ही बतायेगा।

### कौन-कौन होंगे उम्मीदवार


आजसू और जेवीएम से विधायक रह चुके नवीन जायसवाल भाजपा से दूसरी बार किस्मत आजमायेंगे, लेकिन उनके लिये राह आसान नहीं लग रहा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव को शिकस्त दी थी। शाहदेव इस बार उन्हें पटकनी देने की फिराक में हैं। भरत कांशी भी ताल ठोंक रहे हैं। वह दोनों का खेल बिगाड़ने के लिये काफी हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा समेत डेढ़ दर्जन लोग चुनाव लड़ सकते हैं, जो सिर्फ वोट कटवा साबित होंगे।

### जानें विधानसभा क्षेत्र के वोटर का मूड

राज्य में इंडी की सरकार है। विधायक पर लोगों की उम्मीदों में खरे नहीं उतरने का आरोप है। इसका लाभ अजय नाथ शाहदेव और भरत कांशी को मिल सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा, कि कांग्रेस सत्ता में रहकर कौन सी तीर मारी है। अल्वता, भरत कांशी 2019 से लगातार क्षेत्र में हैं। उन्होंने जनता की मौलिक अधिकारों के लिये संघर्ष किया है।



अनगड़ा में झंडोतोलन।

# प्रखंडों में शान से लहराया तिरंगा

## रातू प्रखंड में शान से लहराया तिरंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** स्वतंत्रता दिवस पर शान से राष्ट्रीय तिरंगा लहराया। कृतज्ञ राष्ट्र ने अमर शहीद वीर योद्धाओं को याद कर उन्हें नमन किया। मुख्यालय में प्रमुख संगीता तिर्की ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। थाने में एसवी चौधरी, सीएचसी में डॉ सुजीत कश्यप, एफएससीएस में संजीव तिवारी, पंचायतों में मुखिया, कस्तूरबा विद्यालय में संगीता तिर्की, आदिवासी बाल विकास विद्यालय में नवीन जायसवाल, केओ कॉलेज में डॉ आरके मिश्र, समर्पणदीप बीएड कॉलेज में एनके गुप्ता, जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज में जैनेंद्र कुमार, आरएनटी पब्लिक स्कूल में भरत कांशी, आदिवासी बाल विकास विद्यालय होचर में जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, सुभाष मुंडा चौक में पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा, लेडी केसी रॉय में प्रणव रॉय, शहीद दुनी उरांव के यहां थानेदार एसवी चौधरी व लॉरेंस इंटर कॉलेज में प्राचार्य इंतखाब आलम ने झंडोत्तोलन किया।



इटकी में तिरंगे को सलामी देते पुलिस अधिकारी और जवान, साथ में मौजूद हैं आसपास के लोग।



अनगड़ा में झंडोत्तोलन।

**नामकुम।** स्वतंत्रता दिवस पर नामकुम थाना परिसर में थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद, टाटीसिलवे थाना में थानेदार मनोज कुमार, खरसीदाग ओपी पर ओपी प्रभारी चुडामुनी टुडू, रामपुर बाजार स्थित स्व बानेश्वर राय के आवास पर पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने तिरंगा फहराया।

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों शिक्षण संस्थानों में जोशो खरोस और आन बान शान के तिरंगा फहराया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख दीपा उरांव पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय और अनगड़ा थाना में थाना प्रभारी चमरा मिंज पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकार शशि प्रभा मिंज राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक इम्तियाज अंसारी ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**इटकी।** स्वतंत्रता दिवस पर इटकी व आसपास के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में अधीक्षक डॉ प्रभाकर भगत ने झंडोत्तोलन किया, इटकी प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख किरण उरांव, थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, दरहाटांड़ में जिप सदस्य रीना देवी, पंचायत सचिवालय में मुखिया रीता देवी, रामवि बारीडीह में विजय बहादुर सिंह, एसआर एकेडमी में शांति टोप्पो, एकता नगर में बिनोद कुमार सिन्हा, जेपी चौक पर हाजी मुश्ताक अहमद ने झंडोत्तोलन किया।

**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, मादरशो सहित लगभग सभी प्रमुख चौक चौराहों में शान से तिरंगे को सलामी दी गई। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के संत अन्ना स्कूल में झंडा फहराया। मांडर थाना परिसर में थानेदार राहुल, प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, आई एच एम में डॉ भूपेश ने झंडा फहराया।

### बेड़ो : अमृत सरोवर में नहीं हुआ ध्वजारोहण

**बेड़ो।** मिटती धरोहरों को बचाने व जनसरोकार को बढ़ाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अमृत सरोवर बनाकर उसे वर्षा के पानी को संचय के लिए तैयार किया गया था। यहां पर राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण भी करना है, लेकिन आज अमृत सरोवर बदहाल हो गया है। इस वर्ष यहां झंडोत्तोलन नहीं किया गया। महज दो वर्षों में ही जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण अमृत सरोवर बदहाल हो गया है। इधर इस अमृत सरोवरों पर दो वर्ष पूर्व आजादी का उत्सव मनाया गया था, लेकिन दो वर्ष में ही सरोवर बदहाल हो गया।

## बुंडू में शान से लहराया तिरंगा

**बुंडू।** बुंडू में स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालय कॉलेज में तिरंगा शान से लहराया गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बुंडू में विधायक विकास कुमार मुंडा ने धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष तिरंगा फहराया। इसके अलावे विधायक विकास मुंडा द्वारा काली मंदिर चौक एवं नगर पंचायत कार्यालय में भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया।बुंडू अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडलाधिकारी मोहनलाल मरांडी, बार एसो. कार्यालय में अध्यक्ष राम चरण महतो,बुंडू थाना में थाना प्रभारी पंकज भूषण, महिला थाना में प्रभारी खुश्बू वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

## लाखों लोगों के बलिदान से देश को मिली है आजादी : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** 78वां स्वतंत्रता दिवस ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल व आदर्श हाई स्कूल पांचा में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों के बलिदान से देश को आजादी मिली है। एसपीवी, आरटीसी आईटी आंदनी, आरोही इंटरनेशन व एसएस हाई स्कूल ओरमांझी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख अनुपमा देवी, थाना परिसर व मांउट कार्मेल स्कूल में थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने ध्वजारोहन किया। वहीं फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज में सईद अंसारी, विकास सेवा निकेतन में अध्यक्ष रामलखन मेहता, कलकता पब्लिक स्कूल में निदेशक प्रभास झा, मेसरा टीओपी में प्रभारी रोषन कुमार सिंह, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज में सचिव संतोष महतो, प्रेमचंद हाई स्कूल, डेफोडिल पब्लिक स्कूल मेसरा पंचायत सचिवालय व बलिदानी प्रमोद समीम चैक विकास में आजसू जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य संजय कुमार, जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज में निदेशक भंते जैनेंद्र तथागत, एसबी इंटर कॉलेज व जेपीएस मनातु में रामलखन महतो व कुंती देवी व श्री साईं नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज में निदेशक त्रिनयन कुमार के अलावे सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।





## नगड़ी : महिला से 50 हजार की छिनतई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को दिन दहाड़े भरी नारो बाजार के समीप ने बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को नगड़ी स्थित बैंक आफ इंडिया से पैसे निकाल घर जा रही एक महिला से 50 हजार रुपया की छिनतई कर भाग गये। पीड़ित मंजू देवी ने नगड़ी थाना पहुंचकर अज्ञात अपराधिक विरूद्ध में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक के अनुसार नगड़ी थाना क्षेत्र के गोसाईं टोली निवासी शंकर गोप की पत्नी मंजू देवी गांव अपने से शुक्रवार को लगभग ग्यारह बजे बैक आफ इंडिया पहुंची और अपने पास बुक से 50,000 रुपया निकाल कर लगभग 12.00 बजे बैंक से उतरकर लगभग ऑटो रिक्शा में बैठ कर नारो बाजार के समीप जैसे ही जायसवाल फर्नीचर के पास ऑटो रिक्शा उतरकर खड़ी थी कि अचानक एक सफेद रंग का एन एस मोटरसाइकिल से दो अज्ञात अपराधी आए और मेरे हाथ में पकड़े पैसा रखा हुआ थैला को तेजी से छीन कर रांची की ओर तेज रफ़्तार से भाग गये। थैला में पचास हजार रुपए,आधार कार्ड,पैन कार्ड,बैंक का पासबुक सहित कई जरूरी कागजात भी थे। पीड़िता महिला मंजू देवी ने इसकी जानकारी अपने परिवार के सदस्यों को दी और नगड़ी थाना पहुंचकर अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध में प्राथमिकी दर्ज कराई। इस संबंध नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय ने कहा कि मामले की संज्ञान लेते हुए कार्रवाई जांच आरंभ कर दी गई है मामला को लेकर आस पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है जल्दी मामले का पट्टाक्षेप किया जाएगा

## फुटबॉल टूर्नामेंट : ओखरगड़हा ने जामुनटोली को 1-0 से हराया

**रातू।** तिगरा में पुना हिरानागपुर क्लब की ओर से आयोजित पांच दिनी 52 वें इनामी फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहले चक्र के चार और दूसरे में दो मैच खेले गये। ओखरगड़हा ने जामुनटोली को ट्राइब्रेकर के जरिये 1-0 से हरा दिया। वहीं, कोलांबी ने गरियाटोली को सीधे मुकाबले में 2-0, बिजुलिया ने पीएमपी को 1-0 तथा सिमलिया ने मुरचू को इतने ही अंतर से शिकस्त दी। जबकि, दूसरे चक्र के खेल में कोलांबी ने ओखरगड़हा को 1-0 और बिजुलिया ने सिमलिया को ट्राइब्रेकर के जरिये 4-2 से पराजित कर दिया। इसके साथ ही कोलांबी और बिजुलिया की टीम तीसरे चक्र के लिये क्वालीफाई कर गयी है। टूर्नामेंट को लेकर युवा और महिलाओं में विशेष उत्साह है। इधर, क्लब के अध्यक्ष सह मुखिया सुखदेव उरांव ने बताया कि टूनार्नेंट के विजेता को एक बड़ा खस्सी के अलावा 31 हजार नकद, उप विजेता को 21 हजार और खस्सी, तृतीय स्थान पाने वाली टीम को 10 हजार व खस्सी तथा चतुर्थ को 7 हजार नकद और खस्सी दिये जायेंगे।

## चान्हो : रचनात्मक लेखन और खेल प्रतियोगिता का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा स्थित दारुल उलूम कसमिया और टांगर स्थित जामिया अरबिया मदिनतुल उलूम में दो दिवसीय रचनात्मक लेखन और खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस कार्यक्रम को यूनाइटेड उलमा मिल्ली काउंसिल के द्वारा आयोजित किया गया था। जानकारी देते हुए मिल्ली काउंसिल के सचिव रहमतुल्लाह अंसारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों को मदरसों में कराए जाने की जरूरत है। जहां बच्चों को धार्मिक किताबों के साथ-साथ देश और दुनिया पर भी जानकारी मिल सके। स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित स्थान और वस्तुओं की पेंटिंग प्रतियोगिता, भारत की आजादी में मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका की प्रस्तुति, स्वतंत्रता संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भारतीय ध्वज के साथ बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता, और कई तरह की खेल प्रतियोगिताएं मदरसे के बच्चों के बीच में कराई गई। जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को यूनाइटेड मिल्ली काउंसिल की ओर से शील्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# न्यू स्टार क्लब टिकराटोली ने हॉकी टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

हॉकी टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पांडेपारा गांव में आठ दिवसीय हॉकी टूनामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया न्यू स्टार क्लब टिकरा टोली (अ) की टीम ने पांडेपारा गांव स्थित मैदान में सरना समिति युवा क्लब पांडेपारा के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय हॉकी टूनामेंट का आज गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के लोकप्रिय युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित हुए। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित हॉकी टूर्नामेंट में विभिन्न गांवों से कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच न्यू स्टार क्लब टिकरा टोली (अ) बनाम न्यू स्टार क्लब टिकरा टोली (इ) के बीच खेला गया। न्यू स्टार क्लब टिकरा टोली (अ) की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में न्यू स्टार क्लब टिकरा टोली (इ) को 6-5 से हराकर टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को बीस हजार और उपविजेता टीम को सत्रह हजार रुपए, वहीं तीसरे स्थान पर रही सरना युवा क्लब मलगो जंगली टोली को पंद्रह हजार और चौथे स्थान के लिए किंग कोबरा बनटोली की टीम को दस हजार देकर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने पुरस्कृत किया। वही संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। छुपे प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता है। खेल प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की जरूरत है। ऐसी प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।



### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर इक्कीस पड़हा राजा महादेव कुजूर, मुखिया जतरु उरांव, बिरसा उरांव, सुके उरांव, जगरनाथ उरांव समेत टूनार्मेंट को सफल बनाने में सरना समिति युवा क्लब पांडेपारा खुखरा बेड़ो के अध्यक्ष दिवाकर उरांव, उपाध्यक्ष सुनील उरांव, कोषाध्यक्ष पंचम उरांव, उप सचिव बुधेश्वर उरांव व रमेश उरांव, बबलू उरांव, रोहित उरांव, चमरा उरांव, कार्तिक उरांव, अनिल उरांव, अमित उरांव, झुबा उरांव, बुधु उरांव, प्रदेशिया उरांव, संदीप उरांव सहित समस्त ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक नजर में

## भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष बने अनिल गंझू



**खलारी।** खलारी भाजपाइयों में अध्यक्ष पद में जमीन से जुड़े निम्न स्तर के कार्यकर्ता को चुना गया। बताया जाता है कि जब से होश संभाला है तब से भाजपा का ही झंडा उठाया है। अनिल गंझू का जिसे संगठन की ओर से खलारी भाजपा मंडल के अध्यक्ष पद दिया गया। उसे लेकर मैक्लुस्कीगंज में भाजपाइयों की बैठक हुई, जिसमे सभी नेताओं ने अनिल गंझू को बधाई दी। अध्यक्ष पद मिलने की खुशी में भाजपा के कार्यकताओं ने फूलमाला पहनकर बधाई दिया। इस दौरान प्रीतम साहू को रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष बनने पर बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

## अखड़ा निर्माण के लिए रखी आधारशिलाला



**नामकुम।** शुक्रवार को प्रखण्ड के लालखटंगा पंचायत में अखडा निर्माण कार्य का षिलान्यास मुखिया पुस्पा तिर्की,उपमुखिया अजय मुण्डा, ग्रामप्रधान बुधराम उरांव के हाथों किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया पुस्पा तिर्की ने कहा कि अपने आदिवासी समाज के धर्म संस्कृति के विकास और इसके संरक्षण को लेकर काम करना बेहद जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से शनिचरवा तिर्की, पाहन दिलीप तिर्की, गोपाल मुण्डा,सरिता उरांव, सुशीला कच्छप आदि मौजूद थे।

## पत्रकार एकादश ने जीता सद्भावना क्रिकेट कप



**सोनाहातू।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोनाहातू थाना के सौजन्य से एक दिवसीय सद्भावना कैनवस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पत्रकार एकादश, प्रखंड एकादश, शिक्षक एकादश और थाना एकादश की टीम मैच खेली। पहला मैच पत्रकार एकादश और प्रखंड एकादश के बीच हुआ। जिसमें पत्रकार एकादश ने प्रखंड एकादश की टीम को कड़ा संघर्ष में 18 रन से पराजित किया। दूसरे मैच में शिक्षक एकादश और थाना एकादश के बीच हुआ। शिक्षक एकादश की टीम ने 61 रन से मैच को जीत लिया। फाइनल मुकाबला पत्रकार एकादश और शिक्षक एकादश के बीच हुआ। कड़ा मुकाबला में अंतिम गेंद पर पत्रकार एकादश की टीम ने 1 रन से मैच जीत कर खिताब पर कब्जा किया। सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार,थाना प्रभारी चंदन कुमार, गौतम कुमार, राकेश कुमार, मुखिया विकास सिंह मुंडा के द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

## मवि कुच्चू के रसोई घर का ताला तोड़ एमडीएम के बर्तन और गैस की चोरी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के मवि कुच्चू में बुधवार की रात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर तीन गैस सिलेंडर,दो डेग,दो कुकर,चार डेगची,दो गमला,दो कड़ाही,दो चूल्हा सहित बच्चों के मध्याह्न भोजन बनाने वाले अन्य वर्तनों की चोरी कर अपने साथ ले गए। प्रधानाध्यापिका रश्मि रोज टेटे के अनुसार करीब 70 हजार रुपए के सामान की चोरी हुई है।चोरी के बाद से विद्यालय के 180 बच्चों का मध्याह्न भोजन बाधित हो गया है।उन्होंने बताया कि बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के बाद सभी शिक्षक और बच्चे अपने-अपने घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब सभी शिक्षक और बच्चे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि किचन का ताला टूटा हुआ है।

## लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा

# विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश के नाम अपना सबसे लंबा भाषण दिया। यह भाषण 98 मिनट का रहा, जो 2016 में दिए गए उनके 96 मिनट के भाषण से भी लंबा था। औसतन, पीएम मोदी के भाषण लगभग 82 मिनट के होते हैं, जो अब तक के किसी भी प्रधानमंत्री के भाषणों से सबसे लंबे हैं। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में, पीएम मोदी ने भारत के भविष्य के लिए अपना विजन पेश किया। 2036 ओलंपिक की मेजबानी से लेकर समान नागरिक संहिता का समर्थन करने तक, पीएम मोदी ने भारत की सामूहिक प्रगति और हर नागरिक के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने नए जोश के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की बात भी कही। नवाचार, शिक्षा और वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन्होंने दोहराया कि भारत को 2047 तक एक विकसित भारत बनने से कोई नहीं रोक सकता।

प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा सहित अन्य मुद्दों पर भी बात की। कई लक्ष्यों के बीच, पीएम मोदी ने अगले 5 वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें बनाने, मध्यम वर्ग और गरीबों के जीवन को बदलने के लिए सुधारों पर ध्यान केंद्रित करने, भारत को एक विनिर्माण केंद्र बनाने, हर घर तक पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और कई अन्य बातों पर प्रकाश डाला। पीएम के भाषण ने आने वाले वर्षों में 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के उद्देश्य से सुधारों और सामाजिक कल्याण उपायों के माध्यम से विकास का खाका भी प्रस्तुत किया।

भारत के सामने आने वाली बाधाओं पर उन्होंने कहा, आज के भारत में 'माई-बाप' कल्चर के लिए कोई जगह नहीं है। लोगों का एक निश्चित वर्ग ऐसा है जो अपने कल्याण से आगे नहीं सोच सकता है और दूसरों की भलाई की परवाह नहीं करता है। ऐसे व्यक्ति, अपनी विकृत मानसिकता के साथ, एक चिंता का विषय हैं। देश को इन लोगों से बचना चाहिए, जो निराशा में डूबे हुए हैं। ये निराशावादी तत्व केवल निराश ही नहीं हैं; वे एक नकारात्मक मानसिकता का पोषण कर रहे हैं जो विनाश का सपना देखती है और हमारी सामूहिक प्रगति को कमजोर करना चाहती है। देश को इस खतरे को पहचानने की जरूरत है। सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार ने व्यवस्था में आम आदमी के विश्वास को तोड़ दिया है। पीएम ने कहा, 'मैं भ्रष्टाचारियों के लिए भय का माहौल बनाना चाहता हूं, ताकि आम नागरिक को लूटने की परंपरा खत्म हो जाए।



### अर्थव्यवस्था को लेकर क्या कहा

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने लोगों की प्रति व्यक्ति आय को सफलतापूर्वक दोगुना कर दिया है। हमने रोजगार और स्व-रोजगार में नए रिकॉर्ड स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई सुधार लागू किए गए। और आज, परिणामस्वरूप, हमारे बैंकों ने दुनिया के चुनिंदा मजबूत बैंकों में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। मजबूत बैंकिंग प्रणाली आम गरीबों, खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे बड़ी ताकत बन जाती है। बैंक हमारे टरटए२ के लिए सबसे बड़े सहारा हैं। पशुपालक, मछुआरे, रेहड़ी-पटरी वाले विक्रेता जैसे समाज के कई वंचित वर्ग अब बैंकों से जुड़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, और विकास की राह में भागीदार बन रहे हैं।

### विकसित भारत पर फोकस

पीएम मोदी ने अपने भाषण में विकसित भारत के लक्ष्य पर फोकस किया। उन्होंने कहा, अगर मेरे देश के 140 करोड़ नागरिक, मेरे परिवार के 140 करोड़ सदस्य संकल्प लेकर निकल पड़ें, एक दिशा तय कर कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें, चाहे कितनी भी बड़ी चुनौतियां क्यों न हों, संसाधनों की कितनी भी कमी क्यों न हो, हम हर चुनौती को पार कर सकते हैं, एक समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं और 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें इस अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर हम इस पल को सहज कर रखें और अपने सपनों और संकल्पों के साथ आगे बढ़ें, तो हम 'स्वर्णिम भारत' के लिए राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे और 2047 तक एक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करेंगे।

## खबर एक नजर में

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ महिलाओं ने रैली निकाली




**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली के मंडी हाउस से जंतर-मंतर तक एक रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। नारी शक्ति फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस विशाल रैली में दिल्ली के विभिन्न स्थानों से आयी महिलाओं ने भाग लिया। रैली में शामिल हुए लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज और तख्तियां ली हुई थीं। इन पर लिखा था कि बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद होना चाहिए। रैली में शामिल महिलाओं का कहना था कि बांग्लादेश में सत्ता विरोधी आंदोलन में हिन्दुओं का क्या कसूर था कि उन पर अत्याचार किए गए। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हाल में हुए सत्ता विरोधी प्रदर्शनों में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और हिंसा हुई है। इस दौरान उनके धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया, घरों को जलाया गया और महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की गई।

### इस्लामाबाद में विदेशी महिला को बंधक बनाकर पांच दिनों तक गैंगरेप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में विदेशी महिला के साथ पांच दिनों तक गैंगरेप के बाद सड़क पर फेंकने की भयावह घटना सामने आई है। यह 28 वषीर्य विदेशी महिला बेल्जियम की है। जानकारी के मुताबिक बेल्जियम की 28 वर्षीय सिल्वी स्टिना नामक इस महिला को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बंधक बनाकर पांच दिनों तक उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसे इस्लामाबाद के जी-6 क्षेत्र में बंधी हालत में छोड़ दिया गया। स्थानीय निवासियों में से एक ने महिला को इस दयनीय स्थिति में देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को मुक्त कराया और उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। सिल्वी ने आरोप लगाया कि उसके साथ पांच दिनों तक यौन शोषण किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने तमीजुद्दीन नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तमीजुद्दीन को उसकी निवास से गिरफ्तार किया गया और उसे भी मेडिकल जांच के लिए उसी अस्पताल भेजा गया जहां पीड़िता को भेजा गया था। हालांकि, तमीजुद्दीन ने महिला के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसने यह भी दावा किया कि महिला के पास कोई पहचान पत्र नहीं है और वह बिना उचित दस्तावेजों के पाकिस्तान आई है। पुलिस ने तमीजुद्दीन के निवास स्थान की तलाशी ली ताकि महिला के दस्तावेजों का पता लगाया जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच कर रही है और तमीजुद्दीन से पूछताछ जारी है। पीड़िता ने तमीजुद्दीन को इस अपराध में शामिल होने की पहचान की है, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

### बिहार में बाढ़ सीजन के बाद चार विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

**पटना।** चुनाव आयोग ने बिहार में चार विधानसभा सीटों के लिए बाढ़ के सीजन के बाद उपचुनाव कराए जाने की आज घोषणा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि चुनाव आयोग ने बाढ़ और मौसम की स्थिति में सुधार के बाद चार विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि मौजूदा बाढ़ के सीजन और मौसम की स्थिति के कारण बिहार में चार विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव कराना मुश्किल है लेकिन ये सीटें खाली होने के कारण निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर उपचुनाव कराए जाएंगे।

### भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बताया क्रूर, मांगा इस्तीफा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल के राधागोविंद कर चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में पीजी की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को क्रूर बताया और कहा कि उनसे प्रदेश नहीं संभल रहा है इसलिए उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शुक्रवार को यहां भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम बंगाल में मेडिकल पीजी की छात्रा के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या को लेकर 'घमंडिया गठबंधन' की चुप्पी पर सवाल उठाए है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 'क्रूरता बनर्जी' बताया और कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस घटना पर चुप है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी चुप्पी साध ली है। लड़कियां लड़ सकती हैं कहने वाली प्रियंका गांधी इस घटना पर बोल नहीं पा रही है, यानी पूरा घमंडिया गठबंधन चुप है।

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में एक और गिरफ्तार अभियुक्त की पुलिस रिमांड

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार किए गए एक और अभियुक्त को आज पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए एक और अभियुक्त चेन्नई मेडिकल कॉलेज के छात्र अमित कुमार को आज विशेष न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी रिंकू के समक्ष पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। इसके बाद एक आवेदन दाखिल कर सीबीआई ने इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए हिरासती पूछताछ के लिए इस अभियुक्त 19 अगस्त 2024 तक के लिए पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से रिहा

**पटना।** बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को शुक्रवार सुबह पटना स्थित बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया। अनंत सिंह की रिहाई से उनके परिवार और समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह है। अनंत सिंह की रिहाई को लेकर शुक्रवार अहले सुबह से बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता बेऊर जेल के बाहर जमे हुए थे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल प्रशासन ने एंबुलेंस से उन्हें बाहर निकाला। सुबह पांच बजकर दस मिनट पर पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर निकले। अनंत सिंह के बेटे अंकित सिंह भी समर्थकों के साथ मौजूद थे। जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका शाही स्वागत किया। सबने मिलकर पूर्व विधायक का शानदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। वे यहां से अपने गांव लदमा के लिए रवाना हो गए हैं। चर्चित एके-47 मामले में पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया था। पटना के सिविल कोर्ट ने उन्हें इस मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद से वे बेऊर जेल में कैद थे। साथ ही उनकी विधानसभा की सदस्यता भी चली गई थी। अनंत सिंह 2016 से बेऊर जेल में बंद थे। अनंत सिंह को बरी किए जाने के बाद बिहार में जमकर राजनीति हो रही है।

### जदयू के प्रखंड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

सहरसा। बिहार में सहरसा जिले के बनगांव थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बरियाही बाजार वार्ड नं-6 निवासी जदयू नेता जवाहर यादव (55) बरियाही बाजार में सैलून में सेविंग कराने जा रहे थे।इस दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया।

# मनोज बाजपेयी की फिल्म गुलमोहर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा शुक्रवार को की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संवाददाता सम्मेलन में फीचर फिल्म, नॉन फीचर फिल्म और सभी श्रेणियों में साल 2022 के पुरस्कारों के लिए विजेताओं के नामों की घोषणा की। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'गुलमोहर' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और मलयालम भाषा की फिल्म 'अटम' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री कैटेगरी में दो अभिनेत्रियों को चुना गया है। तमिल फिल्म 'थिरुचित्राम्बलम' के लिए नित्या मेनन और दूसरी गुजराती फिल्म 'कच्छ एक्सप्रेस' के लिए मानसी पारेख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया जाएगा। कंतारा के लिए प्रमुख भूमिका निभाने वाले अभिनेता ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को 'ऊंचाई' के लिए दिया जाएगा।

इस अवसर पर फीचर फिल्म जूरी के अध्यक्ष राहुल रवैल ने बताया कि गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार 'ब्रह्मास्त्र' के लिए प्रीतम को दिया जाएगा। बैकग्राउंड म्यूजिक के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार एआर रहमान को 'पोन्नियिन सेलवन पार्ट 1' के लिए दिया जाएगा। 'कच्छ एक्सप्रेस' नामक गुजराती फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइनर का पुरस्कार निखिल जोशी को दिया जाएगा। होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित और प्रशांत नील द्वारा निर्देशित कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म को दिया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार ऊंचाई फिल्म के लिए नीना गुप्ता को दिया जाएगा। हरियाणवी फिल्म फौजा में सहायक अभिनेता पवन राज को सर्वश्रेष्ठ सर्पोटिंग अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। मलयालम फिल्म मलिकापुरम के लिए श्रीपथ को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार, अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ गायक, बोम्बे जयश्री को सर्वश्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ 11 भाषाओं की फिल्मों को भी पुरस्कृत किया जाएगा, जिनमें असम की फिल्म ईमोथी पोथी, बांग्ला भाषा की फिल्म काबेरी अंतरधान, कन्नड़ फिल्मकेजीएफ चैप्टर टू, मलयालम फिल्म साउदी वेल्लका, मराठी फिल्म वाल्वी, ओडिया फिल्म दमन, पंजाबी फिल्म बागी दी धी, तमिल फिल्म पुन्नयिन सेल्वन और तेलगु फिल्म कार्तिकेय-2 शामिल है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा अक्टूबर में दिए जाएंगे।

### राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा



### पीएम ने ईओएस-08 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को दी बधाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-08' को आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 द्वारा लांच करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए हमारे वैज्ञानिकों और उद्योग जगत को बधाई। यह बेहद खुशी की बात है कि भारत के पास अब एक नया लॉन्च व्हीकल है। लागत-प्रभावी एसएसएलवी अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और निजी उद्योग को भी प्रोत्साहित करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और पूरे अंतरिक्ष उद्योग को मेरी शुभकामनाएं।

## मोदी ने बांग्लादेश मुख्य सलाहकार मो. यूनुस से की बात

# हिंदुओं की सुरक्षा पर चर्चा, सहयोग देने की कही बात

- अंतरिम सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा और संरक्षण को प्राथमिकता देगी





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने विभिन्न विकास पहलों के माध्यम से बांग्लादेश के लोगों का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस बात की जानकारी स्वयं अपने सोशल मीडिया हैंडल से दी। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। मोहम्मद यूनुस ने बदले में आश्वासन दिया कि अंतरिम सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा और संरक्षण को प्राथमिकता देगी। दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से फोन पर बात की। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षा का आश्वासन दिया।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है, क्योंकि शेख हसीना ने 5 अगस्त को सरकारी नौकरी कोटा प्रणाली के खिलाफ बढ़ते छात्र विरोध के बीच इस्तीफा दे दिया था। अपनी सुरक्षा के लिए, हसीना ढाका से भाग गईं और अब भारत में एक सुरक्षित स्थान पर हैं। अब, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस संक्रमण का प्रबंधन करने और समय से पहले चुनाव की तैयारी के लिए एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं।

## अपने ही सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरीं ममता बनर्जी

# महिला डॉक्टर के दोषियों को सजा देने की मांग

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में मौलाली से डोरीना चौराहे तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया, जिसमें उस महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की गई जिसकी पिछले सप्ताह एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। बनर्जी के साथ आए तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं ने आरोपियों को मृत्युदंड देने की मांग करते हुए नारे लगाए। ममता बनर्जी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सच सामने आए, लेकिन लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वामपंथियों और भाजपा के गठजोड़ का पदार्फाश होना चाहिए। सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें प्रसारित कर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार कक्ष में कथित तौर पर बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। अगले दिन अपराध के सिलसिले में एक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया गया। गुरूवार तड़के करीब 40 लोगों के एक समूह ने अस्पताल में घुसकर आपातकालीन विभाग, नर्सिंग यूनिट और दवा स्टोर में तोड़फोड़ की। भीड़ ने सरकारी अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए और उस मंच पर भी तोड़फोड़ की, जहां जूनियर डॉक्टर एक महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।




# बुलंदी पर शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

- निवेशकों ने 1 दिन में की 7.17 लाख करोड़ की कमाई
- सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,412 अंक तक उछला

एजेंसी

**मुम्बई।** अमेरिका में मंदी का डर कम होने के कारण बने पॉजिटिव ग्लोबल मूड की वजह से आज घरेलू शेयर बाजार में भी लगातार रौनक बनी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.65 प्रतिशत से अधिक उछल कर जबरदस्त मजबूती के साथ बंद हुए। सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,412 अंक से ज्यादा उछल गया, वहीं निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में 420 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.68 प्रतिशत और निफ्टी 1.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में नजर आए। इस चौतरफा तेजी में आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल और मेटल इंडेक्स भी शानदार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.80 प्रतिशत उछल कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने भी 1.70 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 451.46 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.17 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

बीएसई का सेंसेक्स आज 648.97 अंक की मजबूती के साथ 79,754.85 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती कारोबार में मामूली तेजी दिखाने के बाद बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 450 अंक लुढ़क कर 79,306.69 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स ने भी रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,412.33 अंक की तेजी के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 80,518.21 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,330.96 अंक की बढ़त के साथ 80,436.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



# स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त मांडर चान्हो वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


**आशुतोष तिवारी**
अधिवक्ता सह जिप सदस्य चान्हो (पूर्वी) सह केन्द्रीय सचिव आजसु, सह सभापति दूरसंचार विभाग रांची, चान्हो

**सन्नी टोप्पो**
भाजपा युवा नेता
मांडर विधानसभा क्षेत्र, चान्हो

**शिव उरांव**
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी
चान्हो

**गंगोत्री कुजूर**
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड सह पूर्व विधायक मंडर
चान्हो

**शिल्पी नेहा तिर्की**
विधायक
मांडर विधानसभा क्षेत्र

**बंधु तिर्की**
पूर्व मंत्री
कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष झारखण्ड चान्हो

**इर्शाद खान**
कांग्रेस यूवा मोर्चा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि, चान्हो

**राजेन्द्र कुमार दास**
अंचलाधिकारी, मांडर।

**मनोरंजन कुमार**
बीडीओ, मांडर।

**अमानत अंसारी**
उप प्रमुख, मांडर

**प्रेम कुमार**
समाजसेवी, मांडर।

**फिलिप सहाय एक्का**
प्रमुख मांडर

**तौफीक आलम**
OXBRIDGE SCHOOL
डायरेक्टर ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर

**विनोदित तिग्गा**
जिला परिषद सदस्य सह भावी विधायक प्रत्याशी मांडर बिधानसभा
निवेदक
**रबूल अंसारी**
जिला परिषद प्रतिनिधि
रबूल अन्सारी

**कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परिवार मांडर**

**तरशीला केरकेटा**
बीइइओ मांडर

**मुमताज अंसारी**
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय, तिग्गोई अंबाटोली, मांडर।

**मैहफिल अंसारी**
प्रर्चाय अपग्रेड+2 हाईस्कूल लेपसर, चान्हो

**डॉ. सुशील मिंज**
प्रिंसिपल शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज, चान्हो

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मांडर मुखिया संघ अध्यक्ष
**लक्ष्मन भगत**
कोषा अध्यक्ष
**प्रकाश खलखो**

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
चान्हों मुखिया संघ अध्यक्ष
**भोला उरांव**
कोषा अध्यक्ष
**रेखा संगा**

**अजीम अंसारी**
थाना प्रभारी
चान्हो

**अनिल गोप**
रांची जिलाध्यक्ष किसान नेता
चान्हो

**इरशाद खान**
प्रखंड कांग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष
चान्हो

**आदिल अजीम**
जिला परिषद सदस्य
चान्हो (पश्चिमी)

**शमीम अख्तर**
रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष
मांडर

**राजेश कुमार दत्त**
निदेशक
डीएवी पब्लिक स्कूल, मांडर।

**संत अन्ना इंटर मीडिएट कॉलेज परिवार मांडर**

**नुरुल्लाह हबीब नदवी**
सदर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमेटी, मांडर
कस्तूरबा गाँधी अवासीय विद्यालय परिवार, मांडर

**सुनील उरांव**
पूर्व जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेता, मांडर

**राहुल**
थाना प्रभारी
मांडर

**डॉ. परमेश्वर भगत**
एक्स- डीडीसी सह समाजसेवी एवं भावी विधायक प्रत्याशी
मांडर विधानसभा क्षेत्र
संघर्ष करें, शिक्षित बनें और संगठित रहें

**शंकर आचार्य**
विकास संचालक
मांडर।

**तुफैल अंसारी**
Govt civil contractor Mandar

**आफताब अंसारी**
प्रज्ञा केन्द्र संचालक
तरंगा पंचायत, चान्हो

**मोहम्मद खालिद**
डिएसडी , मांडर।

**अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिवार चान्हो**

BAGHWAR ACADEMY
CHANHO, RANCHI
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI UPTO 10+2
HOSTEL FACILITIES
ADMISSION OPEN
CONTACT US
9334330944, 7859012788
www.baghwaracademy.in
baghwar.academy@gmail.com
MR. ARUN BAGHWAR Principal
MR. ASHOK BAGHWAR Director

समस्त देशवासियों को 78वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
**प्रशान्त गौरव**
दसमफॉल थाना प्रभारी

समस्त झारखंड वासियों को 78वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**श्री वेंकटेश्वर प्राइवे आई.टी.आई.**
एन.एच.33 बुंडू
आई.टी.आई.से ट्रेनिंग प्राप्त कर अपना उज्जवल भविष्य बनायें।
मो.न.:-93349499402

समस्त झारखंड वासियों को 78वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**निवेदक**
प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी
बुंडू

Birsa Children Academy
BUNDU, RANCHI
15 AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
BHUWNESHWAR PRAMANIK
DIRECTOR
BIRSA CHILDREN ACADEMY

समस्त देशवासियों को 78वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
**विकास कुमार मुंडा**
विधायक तमाड़ विधानसभा